शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 109 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 15 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# वाराणसी: पीएम मोदी ने तीसरी बार किया नामांकन

## वाराणसी सीट पर सातवें एवं अंतिम चरण में 01 जून को मतदान होगा

**वाराणसी**
**भाजपा के** वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार पार्टी उम्मीदवार के रूप में मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। वाराणसी सीट पर सातवें एवं अंतिम चरण में 01 जून को मतदान होगा। मंगलवार को सातवें चरण के नामांकन का अंतिम दिन था।
प्रधानमंत्री मोदी ने पुष्य नक्षत्र में कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। गंगा सप्तमी पर मां गंगा को नमन करने के बाद प्रधानमंत्री काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के दर पर पहुंचे, वहां उनसे अनुमति-आशीर्वाद लेकर नामांकन किया। मोदी ने सोमवार को काशी विश्वनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की थी। काल-भैरव मंदिर में पूजन और कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने सुबह सबसे पहले दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजन किया। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकट रमन घनपाठी ने गंगा पूजन कराया। गंगा पूजन कराने वालों में तीन पुजारी तमिलनाडु व एक-एक पुजारी आंध्र प्रदेश एवं महाराष्ट्र के रहे। गंगा पूजन के बाद प्रधानमंत्री स्वामी विवेकानंद क्रूज पर दशाश्वमेध घाट से गंगा विहार करते हुए आदिकेशव घाट तक गए, फिर नमो घाट उतरे। नमो घाट से प्रधानमंत्री सीधे काल भैरव के दर्शन-पूजन एवं आरती करने पहुंचे और यहां से कलेक्ट्रेट पहुंचे। मंदिर गेट पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी को अंगवस्त्र भेंट किया और आमजन ने पुष्पवर्षा की। पूरा मंदिर व आसपास का क्षेत्र हर-हर महादेव की गूंज से गुंजायमान हो उठा। प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें आचार्य गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा और दलित समाज के संजय सोनकर शामिल हैं।





### प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन में साथ आए एनडीए के घटक दल



**गणेश्वर** शास्त्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकाला था, जबकि बैजनाथ पटेल जनसंघ के समय के कार्यकर्ता हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व सरमा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय, मध्य प्रदेश के डॉ. मोहन यादव, राजस्थान के भजनलाल शर्मा, हरियाणा के नायब सिंह सैनी समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।
इस दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के कई प्रमुख नेता भी मौजूद रहे। इसमें शिवसेना के प्रमुख एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, आरपीआई(ए) के प्रमुख एवं केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले, अपना दल (एस) की प्रमुख एवं केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू, लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान, जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण, हम के प्रमुख जीतन राम मांझी, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री उपेंद्र कुशवाहा, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, निषाद पार्टी के संजय निषाद, सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर आदि की मौजूदगी रही।

### प्रधानमंत्री मोदी के पास न घर है और न कार, तीन करोड़ की सम्पति के हैं मालिक



#### नामांकन के दौरान दाखिल हलफनामे में दी जानकारी, आमदनी का श्रोत वेतन के अलावा बैंक से मिलने वाला ब्याज

**वाराणसी**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास न अपना घर है और न कार। आमदनी का श्रोत वेतन और बैंक से मिलने वाला ब्याज है। उनके पास तीन करोड़ दो लाख 06 हजार से अधिक की सम्पति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी संसदीय सीट से नामांकन के दौरान दाखिल हलफनामे में अपनी सम्पति और आय के बारे में पूरी जानकारी दी।

हलफनामे में प्रधानमंत्री ने बताया कि उनके पास कुल 52,920 रुपये नगद है। स्टेट बैंक के गांधीनगर शाखा में 73,304 रुपये, एसबीआई के वाराणसी शाखा में केवल 7000 हजार रुपये, स्टेट बैंक में 2,85,60,338 रुपये की एफडी भी है। उन्होंने बताया है कि 1978 में दिल्ली यूनिवर्सिटी से उन्होंने स्नातक किया है। वर्ष 1983 में गुजरात विश्वविद्यालय अहमदाबाद से परा स्नातक (एमए) किया है। उन्होंने हलफनामा में बताया है कि उनके ऊपर किसी तरह का कोई मुकदमा नहीं है।

### केंद्र ने लिट्टे पर लगा प्रतिबंध फिर बढ़ाया

**नई दिल्ली**
**केंद्र सरकार** ने मंगलवार को लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 की धारा 3 की उप धारा (1) और (3) को लागू करते हुए प्रतिबंध लगाया। मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि लिट्टे अभी भी उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं। बता दें कि मई 2009 में श्रीलंका में अपनी सैन्य हार के बाद भी, लिट्टे ने अपनी ईलम अवधारणा को नहीं छोड़ा। यह गुप्त रूप से धन जुटाकर ईलम के लिए काम कर रहा है। दरअसल, ईलम का अर्थ तमिलों के लिए एक स्वतंत्र देश है। लिट्टे के नेताओं और कैडरों ने फिर एक बार अपने कार्यकर्ताओं को एकत्रित कर स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयास शुरू किए हैं।
मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया कि लिट्टे समर्थक जनता के बीच अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा दे रहे हैं। ये विशेष रूप से तमिलनाडु में लिट्टे के लिए समर्थन को जुटा रहे हैं। इससे भारत की क्षेत्रीय अखंडती पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

### थोक महंगाई दर 13 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली**
महंगाई के मोर्चे पर आम जनता को झटका देने वाली खबर है। थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में सालाना आधार पर उछलकर 13 महीने के उच्चतम स्तर 1.26 फीसदी पर पहुंच गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि खाने-पीने की चीजों की कीमत बढ़ने से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में 1.26 फीसदी रही है। इससे पहले मार्च 2023 में थोक महंगाई दर 1.34 फीसदी थी। पिछले महीने मार्च में 0.53 फीसदी थी, जबकि फरवरी महीने में 0.20 फीसदी और जनवरी में 0.27 फीसदी रही थी। मंत्रालय ने यहां जारी एक बयान में बताया कि अप्रैल महीने में थोक मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी की मुख्य वजह खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पादों के निर्माण, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रही है। आंकड़ों

## जनता फिर से रिकॉर्ड मार्जिन के साथ जीत का आशीर्वाद देगी : शाह



**नई दिल्ली/एजेंसी**
भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन पर बधाई दी और कहा कि इस बार फिर जनता रिकॉर्ड मार्जिन के साथ जीत का आशीर्वाद देगी। अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारतीय संस्कृति का केंद्र, बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी से लगातार तीसरी बार नामांकन करने पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में मोदी ने न केवल काशी बल्कि पूरे देश में विश्वस्तरीय विकास करने के साथ-साथ भारत की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत को भी संवारा है। शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास और गौरव की यात्रा यूं ही अनवरत जारी रहे, बाबा विश्वनाथ और गंगा मैया से यही प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस बार फिर काशी की जनता रिकॉर्ड मार्जिन के साथ मोदी को जीत का आशीर्वाद देगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया।

## प्रवर्तन निदेशालय शराब नीति केस में आम आदमी पार्टी को बनाएगी आरोपी

### हाईकोर्ट में सिसोदिया की जमानत के विरोध में कहा- अगली चार्जशीट पेश करेंगे




**नई दिल्ली**
दिल्ली शराब नीति केस में अब आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जाएगा। ईडी के वकील ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से कहा कि मामले की अगली चार्जशीट में हम ये करेंगे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार 14 मई को दिल्ली हाईकोर्ट में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ये बात कही। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में सिसोदिया की जमानत का विरोध किया। सिसोदिया के वकील ने कहा कि ईडी और सीबीआई सिर्फ लोगों को गिरफ्तार कर रही है। ट्रायल के दौरान उनसे कोई सवाल नहीं होते। सिसोदिया की 8 मई को हुई पिछली सुनवाई में ईडी और सीबीआई के वकीलों ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से कहा था कि हमें जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय चाहिए। 3 मई की सुनवाई में कोर्ट ने ईडी-सीबीआई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। साथ ही सिसोदिया को बीमार पत्नी सीमा से हफ्ते में एक बार मिलने की परमिशन भी दी थी।

**सिसोदिया को पिछले साल फरवरी में गिरफ्तार किया गया था**

मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को सीबीआई ने करीब 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद ईडी ने भी उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल तिहाड़ जेल में हैं। 7 मई 2024 को सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ाई गई। उधर, दिल्ली कोर्ट ने एक्साइज ड्यूटी स्कैम केस में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 21 मई तक के लिए बढ़ा दी है।

**कई बार खारिज हुई सिसोदिया**

## रामदेव-बालकृष्ण अवमानना केस पर फैसला सुरक्षित



### आईएमए चीफ ने कोर्ट से माफी मांगी, बेंच ने कहा- सोफे पर बैठकर कुछ भी नहीं बोल सकते

**नई दिल्ली**
भ्रामक विज्ञापन केस में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भेजे अवमानना नोटिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। साथ ही दोनों को व्यक्तिगत पेशी से छूट दी है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद को एफिडेविट फाइल करने के लिए 3 हफ्ते का वक्त दिया है।
सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफिडेविट में यह बताएं कि जिन प्रोडक्ट्स का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है, उनका विज्ञापन वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। बेंच ने कहा- बाबा रामदेव का बहुत प्रभाव है, इसका सही तरीके से इस्तेमाल करें। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- रामदेव ने योग के लिए बहुत कुछ किया है। इस पर जस्टिस हिमा कोहली बोलीं- उन्होंने योग के लिए जो किया है वह अच्छा है, लेकिन पतंजलि प्रोडक्ट्स एक अलग मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रेसिडेंट डॉ. आरवी अशोकन से कहा- अभिव्यक्ति की आजादी ठीक है, लेकिन कभी-कभी इंसान को संयमित भी होना पड़ता है। आप सोफे पर बैठकर अदालत के बारे में कुछ भी नहीं कह सकते। अगर दूसरा पक्ष इस तरह की टिप्पणी करता तो आप क्या करते?

## दिल्ली में आम आदमी पार्टी को दफ्तर के लिए भूमि अलॉट करने की मांग पर केंद्र सरकार को नोटिस



**नई दिल्ली/एजेंसी**
दिल्ली हाई कोर्ट ने आम आदमी पार्टी को दफ्तर के लिए भूमि अलॉट करने की मांग पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने केंद्र सरकार को 15 मई तक अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान आम आदमी पार्टी की ओर से कहा गया कि वो एक राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल है। भारत सरकार के दिशा-निदेशों के मुताबिक राष्ट्रीय पार्टियां दिल्ली में कार्यालय के लिए जमीन पाने की हकदार हैं। सभी मान्यता प्राप्त दलों को अपना दफ्तर चलाने के लिए दिल्ली में जमीन मिली हुई है। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने उसके राऊज एवेन्यू दफ्तर को 15 जून तक खाली करने का आदेश दिया है। ऐसे में उसे अपने दफ्तर के लिए एक वैकल्पिक भूमि को आवंटित करने का आदेश जारी किया जाए। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि उसे दफ्तर के लिए दिल्ली में एक हजार वर्ग मीटर भूमि पाने का हक है। पार्टी को राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दल का दर्जा मिलने के छह महीने के बाद ही भूमि आवंटित करने के लिए आवेदन दिया गया था।

## भारतीय वायुसेना ने हवा में गिराया 'अस्पताल'

**नई दिल्ली**
**भारतीय वायुसेना** ने बुधवार को आगरा में जहाज से पोर्टेबल हॉस्पिटल भीष्म को एयरड्रॉप किया। यह अपनी तरह का पहला ऐसा परीक्षण है, जिसमें एयर फोर्स ने जब हॉस्पिटल क्यूब्स को जहाज से नीचे गिराया। आपातकालीन परिस्थितियों में ये पोर्टेबल हॉस्पिटल बेहद काम आ सकते हैं और इन्हें जहाज से एयरड्रॉप करके कहीं भी इस्तेमाल किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए प्रोजेक्ट भीष्म को स्वास्थ्य मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। भीष्म प्रोजेक्ट (बैटलफील्ड हेल्थ इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर मेडिकल सर्विसेज) के तहत न केवल भारत में, बल्कि विदेश में भी प्राकृतिक आपदाओं, मानवीय संकटों या शांति और युद्ध के समय में भी तेजी से तैनाती के लिए डिजाइन किया गया है।

## गृह मंत्रालय ने अधिकारी बनकर कॉल करने के मामले जारी किया अलर्ट




**नई दिल्ली/एजेंसी**
केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर अपराधियों द्वारा स्वयं को पुलिस अथवा अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों का अधिकारी बताकर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल गिरफ्तारियों का दावा करने वालों को लेकर अलर्ट जारी किया है। मंत्रालय ने लोगों को सलाह दी है कि ऐसी कॉल आने पर तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या पर घटना की सूचना दें। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि साइबर अपराधियों द्वारा स्वयं को पुलिस अधिकारी, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां का अधिकारी बताकर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल गिरफ्तारियों के संबंध में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। मंत्रालय के अनुसार धोखेबाज आमतौर पर पीड़ित को कॉल कर पार्सल भेजने की बात करते हैं या कहते हैं कि उनका अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु उनके पास है। कभी-कभी, वे यह भी बताते हैं कि पीड़ित का कोई करीबी या प्रिय व्यक्ति किसी अपराध या दुर्घटना में शामिल पाया गया है और उनकी हिरासत में है।
ऐसे मामलों समझौता करने के एवज में पैसे की मांग की जाती है। कुछ मामलों में बिना सोचे-समझे पीड़ितों को डिजिटल गिरफ्तारी से गुजरना पड़ता है और जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे स्काइप या अन्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म पर धोखेबाजों के लिए उपलब्ध रहते हैं। जालसाजों को पुलिस स्टेशनों और सरकारी कार्यालयों की तर्ज पर बनाए गए स्टूडियो का उपयोग करने और असली दिखने के लिए वर्दी पहनने के लिए जाना जाता है।
देश भर में, कई पीड़ितों ने ऐसे अपराधियों के कारण बड़ी मात्रा में पैसा गंवा दिया है। यह एक संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और समझा जाता है कि इसे सीमा पार अपराध सिंडिकेट द्वारा संचालित किया जाता है। गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (क्4सी), देश में साइबर अपराध से निपटने से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करता है। गृह मंत्रालय इन धोखाधड़ी से निपटने के लिए अन्य मंत्रालयों और उनकी एजेंसियों, आरबीआई और अन्य संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। क्4सी मामलों की पहचान और जांच के लिए राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस अधिकारियों को इनपुट और तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है। क्4सी ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से ऐसी गतिविधियों में शामिल 1,000 से अधिक स्काइप आईडी को भी ब्लॉक कर दिया है। यह ऐसे धोखेबाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सिम कार्ड, मोबाइल उपकरणों और म्यूल खातों को ब्लॉक करने की सुविधा भी दे रहा है। क्4सी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'साइबरडोस्ट' जैसे एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य पर इन्फोग्राफिक्स और वीडियो के माध्यम से विभिन्न अलर्ट भी जारी किए हैं।

# तरबूज लाद कर जा रहा पिकअप चलती बस में पीछे से मारी टक्कर चालक की दर्दनाक मौत

अखंड भारत संदेश



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बलीपुर नेशनल हाईवे पर वाराणसी के लिए तरबूज लाद कर जा रहा पिकअप चालक तेज रफ्तार बस में पीछे से जोरदार टक्कर हो गया जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।फतेहपुर से वाराणसी के लिए तरबूज लाद कर जा रहा पिकअप जैसे ही अर्धरात्रि समय लगभग ढेड़ बजे के करीब बालीपुर नेशनल हाईवे पर पहुंचा ही था कि आगे तेज रफ्तार जा रहे बस में पीछे से चालक पिकअप समेत घुस गया। वहीं पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची उतरांव पुलिस में शव को बड़ी मशक्कत के बाद घंटो बाद बाहर निकाल पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक चालक विनोद पुत्र जगतपाल उम्र 35 वर्ष जो खड़ियांव गांव जिला फतेहपुर का निवासी था। वह तरबूज लाद कर वाराणसी के लिए जा रहा था।

### मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की जन सभा गुरुवार को धरवारा में

**करछना।** प्रयागराज लोकसभा 52 इंडिया गठबंधन प्रयागराज के कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में गुरुवार को विधानसभा करछना क्षेत्र के धरवारा में गजरूप सिंह इंटर कॉलेज ग्राउंड में एक जनसभा को मध्य प्रदेश के पूर्व कांग्रेस के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे उक्त आशय की जानकारी विकास खंड करछना के पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह उर्फ राजू सिंह ने पार्टी प्रत्याशी के कार्यकताओं एवं समर्थकों से अपील किया है कि उक्त कार्यक्रम में बड़ी से बड़ी संख्या में पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह की जनसभा को सफल बनाएं उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश होंगे तथा कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रयागराज माननीय कुंवर रेवती रमण सिंह एवं इण्डिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी से संबंधित नेता एवं कार्यकर्ता तथा इंडिया गठबंधन के समर्थक उपस्थित रहेंगे।

# विहिप के पदाधिकारी ने घेरा बंदी कर 29 गोवंश सहित दो तस्कर को दबोचा

अखंड भारत संदेश




**सहसों।** विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियो को मंगलवार सुबह जानकारी हुई कि कोखराज की तरफ से कंटेनर में तस्कर गोवंश लादकर हंडिया की तरफ आ रहे हैं। इस पर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय होकर भोपतपुर टोल बूथ पर इंतजार करने लगे। इतने में कंटेनर हंडिया की तरफ जाने लगा तो विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओ ने पीछा किया । यह देखकर टोल बूथ से लगभग दो किलोमीटर आगे जाकर कंटेनर वापस कोखराज की तरफ जाने लगा। विश्व हिंदू परिषद कार्यकताओं ने घेरे बंदी करते हुए जग बंधनपुर के सामने कंटेनर को रोक लिया तथा तत्काल इसकी सूचना सहसों पुलिस को दी। मौके पर दो तस्कर अल्तमस एवं नुरुल निवासीगण जनपद गया बिहार के साथ 29 गोवंश कंटेनर में पाए गए। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि कानपुर से बिहार के रास्ते बंगाल ले जाए जा रहे थे। कंटेनर मे लदे 29 गोवंश मे से 9 की मौत हो चुकी थी तथा 20 गोवंश जिंदा थे। जिन्हें पशु चिकित्सको की टीम बुलाकर परीक्षण कराया गया तथा मृत गोवंश का पोस्टमार्टम कर उन्हें दफनाया गया। मामले में सराय इनायत पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है। इस मौके पर प्रान्त मंत्री गौरक्षा लालमणि तिवारी, स्वामी जी, दीपक, वेदमणि तिवारी, रोहित, सुनील पाण्डेय, कौस्तुभ द्विवेदी, पिंटू, मैना एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

### एमए प्राचीन इतिहास की मौखिक परीक्षा कल

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में एमए अंतिम सेमेस्टर प्राचीन इतिहास विषय की मौखिक परीक्षा 16 मई गुरुवार को 10 बजे से आयोजित की गई है।यह जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष प्राचीन इतिहास डॉ अरविंद कुमार राय ने समस्त छात्र, छात्राओं को मौखिक परीक्षा में समय से पहुंचने का निर्देश दिया है अनुपस्थित छात्र, छात्राओं की मौखिक परीक्षा छूटने की जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मांडा।** आगामी लोकसभा को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को मांडा पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कई महीनों से वांछित चल रहा अभियुक्त बबऊ कोल पुत्र मुनाई कोल उम्र 40 वर्ष निवासी भौसरा जागीर थाना मांडा को नई दिल्ली हाटा मार्ग पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## ब्लॉक कर्मचारियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**मांडा।** क्षेत्र के मांडा खास स्थित प्रगति प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति के तत्वधान में मगंलवार को ब्लॉक कर्मचारियों ने मतदाता जागरूकता पर उपस्थित समूह के महिलाओं को शपथ दिलाई। इसके बाद रैली निकाल कर आगामी 25 मई को मतदान करने के लिए लोगों को जागरुक किया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर एडीओ आईएसबी जैनेंद्र कुमार राव ने उपस्थित समूह की महिलाओं व ब्लॉक कर्मचारियों को चुनाव में बढ़ चढ़ के मतदान करने व लोगों को प्रेरित करने की शपथ दिलाई। एडीओ आईएसबी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली मांडा सीएलएफ ऑफिस से चलकर काली मां चौराहे से होते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। मौके पर बीएमएम रेनु देवी, जनता सदन इंटर कॉलेज भारतगंज के प्रधानाचार्य जनार्दन पांडेय, अल्प नारायण सिंह, संदीप कुमार मौर्य सहित आदि लोग हिस्सा लिए। वही क्षेत्र के चकड़ीहा ग्राम पंचायत में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली में भी समूह की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए मांडा रोड़, चिलबिला आदि बाजारों में पैदल भ्रमण कर आगामी लोक सभा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक मिशन मैनेजर विवेक कुमार तिवारी ने किया।

# समर्पण दिवस में पहुंची कविता यादव त्रिपाठी पति की जीत का मांगा आशीर्वाद

### संत निरंकारी भवन कोटहा में धूमधाम से मनाया गया बाबा हरदेव सिंह का 8 वां समर्पण दिवस





**मेजा।** संत निरंकारी भवन कोटहा में सोमवार को बाबा हरदेव सिंह का 8 वां समर्पण दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा भाजपा कविता यादव त्रिपाठी पहुँच कर बाबा हरदेव सिंह को नमन करते हुए धन निरंकार का जयकारा लगाया और आर बी सिंह मुखी का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। बाबा हरदेव सिंह के समर्पण दिवस पर जुटे हजारों की संख्या में बाबा के अनुयायियों ने बाबा की प्रतिमा के समक्ष झुक कर धन निरंकार बोलते हुए नमन किया। इस दौरान कविता यादव ने बाबा के अनुयायियों से भेंट करते हुए भाजपा से लोक सभा प्रयागराज के प्रत्यासी नीरज त्रिपाठी के लिए आशीर्वाद और समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में नीरज त्रिपाठी को आना था लेकिन अति आवश्यक बैठक के कारण वह नही आ पाए, चुनावँ बाद आप लोगों के पास उन्हें मैं लेकर आऊंगी आप लोग आशीर्वाद दें कि वह प्रयागराज का सांसद बनकर दिल्ली जाएं । गौरतलब है कि श्रीमती त्रिपाठी के आग्रह पर संत निरंकारी शाखा कोटहा के आर बी सिंह मुखी ने बाबा के अनुयायियों की ओर से अस्वस्थ किया है कि भाजपा का पूरे मन से सहयोग एवं समर्थन कर नीरज त्रिपाठी को विजयी बनाएंगे। आर बी सिंह मुखी ने बताया कि बाबा ने 13 मई 2016 को अपने देह का त्याग किया था,इस लिए आज के दिन उनका समर्पण दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर श्रीमती कविता यादव के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता जयशंकर पाण्डेय,शुभाष दुबे,हौशला प्रसाद, सूर्यलाल, जगदीश, रमाकांत, साधना, मालती, ममता,इंद्रमणि पटेल तथा राजीव तिवारी आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### नैनी में पार्षद व कार्यकताओं के द्वारा महापौर का स्वागत हुआ



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में महापौर गणेश केसरवानी का आगमन दाउदनगर में हुआ पार्षद व कार्यकताओं द्वारा स्वागत हुआ। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी को भारी वोटो से कैसे विजई बनाए जाए इस बात को लेकर बैठक करी गई की कैसे लोगों को जागरूक करें की एक एक आदमी घर से निकलकर पहले मतदान करें फिर जलपान करें इस मौके पर वार्ड 20 चक रघुनाथ के पार्षद एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल, वार्ड 17 पार्षद अनूप भारतीय, वार्ड 20 अध्यक्ष आकाश वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक रवि मिश्रा जी, शक्ति केंद्र संयोजक घनश्याम जायसवाल, वार्ड सचिव शिव कुमार सिंह, विधि प्रकोष्ठ से रविन्द्र त्रिपाठी, बूथ अध्यक्ष धर्मराज पटेल नीरू पटेल, बूथ अध्यक्ष जय कृष्ण तिवारी, मंडल मंत्री समर बहादुर सिंह वह भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

### चक रघुनाथ में भाजपा के कार्यकताओं की हुई बैठक



**नैनी।** नैनी चक रघुनाथ वार्ड 20 द्वितीय शक्ति पन्ना प्रमुख की बैठक चक रघुनाथ वार्ड 20 के कार्यालय पर संपन्न हुई जिसमें मंडल महामंत्री ओम प्रकाश मिश्रा के द्वारा एवं वार्ड अध्यक्ष आकाश वर्मा के नेतृत्व में सभी पन्ना प्रमुखों को सूचना दी और उनके दायित्व के बारे में समझाया वह सभी वार्ड बूथ अध्यक्षों को भी उनके दायित्व के बारे में समझाया की किस प्रकार से अपने बूथ संख्या जो की 368, 369, 370 एवं 371 यह चार बूथ को मजबूत करें जिससे की वोटिंग ज्यादा से ज्यादा प्रतिशत में हो सके इस क्रम में निम्न लोग मौजूद रहे। ओम प्रकाश मिश्रा, जय कृष्ण तिवारी, आकाश वर्मा, बच्चा लाल, विनोद जयसवाल, राजीव वर्मा गुडविल गैरेज, दिनेश, जयप्रकाश भारतीय, राकेश गुप्ता, घनश्याम जयसवाल, एवं अन्य गणमान्य पदाधिकारी एवं सदस्य गण मौजूद रहे बैठक के अंत में वार्ड सचिव शिवकुमार सिंह ने सभी को बैठक में आने के लिए धन्यवाद व्यापित करते हुए भारतीय जनता पार्टी को भारी से भारी मतों से विजई बनाने के लिए शपथ लेते हुए बैठक समाप्त करी गई।

### कठौली में आज कलश यात्रा के साथ शुरू होगा श्रीमद् भागवत कथा




**मेजा।** विकास खंड उरुवा के कठौली गांव में मुख्य जजमान मूरत नारायण शर्मा श्री नारायण शर्मा व श्रीमती नयन कुमारी शर्मा के नेतृत्व में आज कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा। जिसमें मुख्य कथा वाचक पंडित पंकज शुक्ल जी महाराज वृंदावन धाम व सहित्याचार पंडित अरुण कुमार तिवारी तथा कुलगुरू पंडित ओम तिवारी होंगे। यह जानकारी कथा के आयोजक साइंटिस्ट अमेरिका डा राजेश शर्मा व विनोद शर्मा ने देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ होगा। जो अनवरत 9 दिनों तक जारी रहेगा। जिसमें मुख्य श्रोता अश्वनी कुमार शर्मा सुनील कुमार शर्मा सुभाष शर्मा प्रमोद शर्मा ( लल्लू ) प्रशांत राय कौशल राय प्रखर राय विवेक राय सत्यम राय आदित्य शर्मा ईशान शर्मा हर्षित राय सतीश कुमार शर्मा ललित कुमार शर्मा पत्रकार विमल राय तथा अधिवक्ता धीरज शर्मा होंगे। कथा का समापन एवं महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम 23 मई को संपन्न होगा।

### डॉ विनोद बिंद के समर्थन में भाजपाइयों ने किया जनसंपर्क



**प्रतापपुर।** इंजीनियर घनश्याम पांडेय पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रतापपुर के नेतृत्व में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के बजती, भवानीपुर, छबिलहां, चका, बंशीपुर गांव में जनसंपर्क किया और भदोही लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन प्रत्याशी डॉ विनोद कुमार बिंद के पक्ष में मतदान करने हेतु अपील किया। इंजीनियर घनश्याम पांडेय ने सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को बताते हुए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हेतु वोट मांगा और कहा कि सत्ता पक्ष का सांसद चुनें जिससे क्षेत्र का सर्वाधिक, सर्वांगीण, चहुंमुखी विकास हो सके। किसी के बहकावे में आकर मत विभाजन न करें, मत का सदुपयोग करें और देश की प्रगति में योगदान करें ताकि राष्ट्र और मजबूत बने क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों ही देश सुरक्षित रहेगा। जनसंपर्क में राजू यादव नहटी, ब्रह्मा तिवारी, डिम्पी पांडेय,पिंटू मिश्र प्रधान, दिनेश यादव, संजय यादव, विकास यादव बीडीसी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सदर बाजार में सड़क चौड़ीकरण हेतु हुई पैमाइश

**मऊआइमा।** नगर पंचायत मऊआइमा में सड़कों के सकरा होने से अतिक्रमण हटाने का कार्य चल रहा है। सदर बाजार में भी पैमाइश का कार्य शुरू हो गया है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में रोजमर्रा जाम से निजात के लिए अतिक्रमण हटाने का कार्य तीनबत्ती पर चलने के बाद मंगलवार को सदर बाजार में पैमाइश की गयी। बताया गया है कि पैमाइश के दौरान जाम लग जाने के कारण पैमाइश टाल दी गई है।अब शुक्रवार को कस्बा में साप्ताहिक बंदी के दिन सदर बाजार,चुनौटा कुआं आदि स्थानों पर होगी।

# अम्बिका पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं का शत प्रतिशत रहा वार्षिक परिणाम



**मेजा।** अम्बिका पब्लिक स्कूल के 10वीं एवं 12 वीं के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में परिणाम शत प्रतिशत परिणाम लाकर पूरे क्षेत्र स्कूल का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि बीते 13 मई को सीबीएसई बोर्ड ने सत्र 2023-2024 के 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया जिसमें उक्त स्कूल के छात्र- छानाओं ने विशेष उपलब्धियां हासिल करते हुए विद्यालय का परचम लहराया है। अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान सम्मान बढ़ाया है। 10वीं कक्षा में स्कूल का गौरव बढ़ाने वाले छात्र-छात्राओं में आशना बानो ने 97.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,और विवेक सिंह 96.8 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व रोशनी गुप्ता ने 92.4% प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही । जबकि 12 वीं कक्षा में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में गणित वर्ग में 86.8% प्राप्त कर ईसान शुक्ला प्रथम , 82.4% प्राप्त कर अर्नव केशरी द्वितीय व 78.4% अंक प्राप्त कर वंशिका श्रीवास्तव जहां तृतीय स्थान प्राप्त किया है वहीं विज्ञान वर्ग में 32.8% प्राप्त कर अनुज तिवारी प्रथम, 82% प्राप्त कर कृतेश मिश्रा द्वितीय व 80% अंक प्राप्त कर भाव्या मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार वाणिज्य वर्ग में 75.4% प्राप्त कर निखिल केशरी प्रथम, 75% प्राप्त कर नितांशी केशरी द्वितीय व 72.4% अंक प्राप्त कर मो सारिब अली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। 86.8% अंक प्राप्त कर ईसान शुक्ला प्रथम, 82.8% प्राप्त कर अनुज तिवारी द्वितीय व 82.4%अंक प्राप्त कर अर्नव केशरी सभी विषयों में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. आद्या प्रसाद पाण्डेय और प्रधानाचार्य पीयुष श्रीवास्तव ने मिठाई खिलाकर सभी मेधावी छात्र- छात्राओं का उत्साह वर्धन किया और उनके उज्वल भविष्य की मनोकामना करते हुए बधाई दिया है।



### कभी भी गिर सकता है जर्जर बिजली का पोल

**मऊआइमा।** नगर पंचायत मऊआइमा के मोहल्ला हजियाना लदाव में लगे बिजली का पोल नीचे सड गया है।बताया गया है कि सडे हुए बिजली का पोल किसी भी समय धराशाई हो सकता है। जिससे कोई बडा हादसा हो सकता है। बताया गया है कि कई बार विद्युत विभाग से मोहल्लेवासियों ने शिकायत की परन्तु कोई ध्यान नहीं दिया। लोगों को आशंका है कि शायद बिजली विभाग किसी बडे हादसे का इंतजार कर रहा है।

## क्षेत्र का विकास प्रथिमिकता होगी और विकास को आगे बढ़ाया जाएगा : नीरज त्रिपाठी



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में ग्रामपंचायत बरी में शिव जी पांडेय के नेतृत्व में उनके निवास पर भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का कार्यक्रम हुवा। जिसमे गांव के सभी लोग उपस्थित रहे और गांव वालों ने भाजपा प्रत्याशी को भरोसा दिया की आप बरी पंचायत बूथ से आप जीतेंगे। अध्यक्षता कर रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता शैलेश पांडेय ने किया। कार्यक्रम में बड़े संख्या में भाजपा कार्यकत्ताओं का भीड़ बना रहा। इसी कड़ी में नगर पंचायत सिरसा में भाजपा प्रत्याशी का जनसंपर्क किया गया। जिसमें मुख्य रूप से लखन केशरी चेयरमैन, विनय यादव मण्डल अध्यक्ष सिरसा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवा पांडेय, विनोद कुमार विश्वकर्मा मण्डल अध्यक्ष भाजपा पिमो सिरसा, विक्की मिश्रा, अम्बुज मिश्रा, जय शंकर यादव बबलू क्षेत्र पंचायत सदस्य, इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने कहा कि संवैधानिक पद पर होने के कारण वह राजनीतिक कार्यक्रमों में मंच साझा नहीं करते थे। वह पिताजी केशरी नाथ त्रिपाठी के चुनाव का संचालन करते थे। उनको क्षेत्र की समस्याओं की बखूबी जानकारी है। जनता ने मौका दिया तो यमुनापार की समस्याएं दूर होगी और चारो तरफ विकास होगा। कार्यकताओं का नारा है भाजपा 400 पर और इलाहाबाद लोकसभा से जीत चार लाख से पार होगी। इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र सीट से भाजपा प्रत्याशी ने जनता के सवालों का बेबाकी से जवाब दिया। बल्कि अपनी प्राथमिकता को भी बताया उन्होंने कहा कि यह भाजपा की खूबसूरती है कि वह अपने सामान्य कार्यकर्ता को भी तवज्जो देती हैं। पार्टी में मुझे जैसे मामूली कार्यकर्ता को लोकसभा का टिकट देकर जो उम्मीद जताई है, उस पर वह खराब उतरने का प्रयास करेंगे।

# महापौर ने कोरांव विधानसभा में किया सघन जनसंपर्क



**कोरांव।** प्रयागराज के महापौर गणेश केशरवानी ने भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में कोहड़ार बाजार, लालतारा, खीरी बाजार, लेडियारी बाजार, रत्यौरा बाजार, बड़ोखर में व्यापारियों व आम जनता के बीच जाकर जनसंपर्क किया और भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को जिताने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान महापौर ने कहा की क्षेत्र की जनता से जो समर्थन मिल रहा उससे यह स्पष्ट होता है की इलाहाबाद लोकसभा में भारी अंतर से नीरज त्रिपाठी विजय प्राप्त करेंगे और मोदी के 400 पार का नारा साकार होगा। इससे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने कोहड़ार में महापौर का भव्य स्वागत किया पूरे दलबल के साथ जनसंपर्क में मौजूद रहे। जनसंपर्क के दौरान पूर्व चेयरमैन नरसिंह केशरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद मिश्र, श्यामबाबू केशरी, पंकज मिश्र, सुमित पांडेय, राजकुमार केशरी, प्रकाश द्विवेदी समेत पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा : एमएल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

### स्कूल के छात्र सक्षम यादव ने गणित में 100 प्रतिशत अंक पाकर किया टॉप



**मेजा।** तहसील क्षेत्र के बगहा, सिरसा स्थित एम एल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त करते हुए अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि हाईस्कूल में सक्षम यादव ने गणित में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए कुल 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल टॉप किया है। इसी प्रकार आशुतोष सिंह ने 93 प्रतिशत, सिफा खातून ने 92 प्रतिशत, अनंत कुमार ने 91 प्रतिशत, अनमोल शुक्ला 89 प्रतिशत, रिवांशु मणि 88 प्रतिशत, यशीता श्रीवास्तव ने 87 प्रतिशत,शिवांश शुक्ला 87 प्रतिशत, वैभवी तिवारी 87 प्रतिशत, शिवांश शुक्ला 86 प्रतिशत,उत्कर्ष बिंद 86 प्रतिशत, पलक मिश्र 86 प्रतिशत, शिवम यादव 85 प्रतिशत, यामिनी प्रजापति 84 प्रतिशत, अथर्व द्विवेदी 83 प्रतिशत, अविरल शुक्ला 83 प्रतिशत, निकिता पटेल 82 प्रतिशत, ऋषभ शुक्ला 80 प्रतिशत अंक किया है। जबकि इंटर मीडिएट में तनीशा केशरी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार आदर्श यादव ने 75 प्रतिशत, कृतिका पांडेय ने 75 प्रतिशत,वैदिक पाठक ने 73 प्रतिशत, यश मिश्रा ने 72 प्रतिशत, आस्था केशरी 72 प्रतिशत, नायसा सिंह ने 70 प्रतिशत, यशी श्रीवास्तव ने 70 प्रतिशत, शुभी दुबे ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता ने प्रतिभाशाली सफल परीक्षार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय सहित सभी छात्र छात्राओं को शुभकामना देते हुए कहा ग्रामीण परिवेश में स्थापित स्कूल का परीक्षा परिणाम प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा है। यहां शिक्षा के साथ संस्कार भी दिया जाता है स्कूल की निदेशक बबिता गुप्ता ने स्कूल के बच्चो और शिक्षक , शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए आगे भी इसी तरह परिश्रम करने और बच्चो को निरंतर आगे बढ़ाने की बात कही इस दौरान अभिरंजन गुप्ता, विपिन शुक्ला, गौरव पांडेय, सविता शुक्ला, विजेंद्रराय, अविनाश, नवदीप, कमलेश शर्मा, मनोज कुमार, मीनाक्षी, रीना, पूजा, इति सिंह, रिशु, कुलदीप, रवि कुमार, विजय कुमार, विपुल यादव, मदन कुमार आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### दसवीं में अथर्व व बारहवीं में स्वस्तिक रहे अब्वल

**झूंसी।** सीबीएसई बोर्ड का सोमवार को परिणाम घोषित हो गया है मुंशी रामानंद सिंह इंटर कॉलेज पटेल नगर का शत प्रतिशत परिणाम आया। इंटर में स्वास्तिक पांडे 95, हर्ष गुप्ता 95, अंश केसरवानी 94, अनुराग यादव 94, इशिका वर्मा 92 व कीर्ति कुशवाहा 92 प्रतिशत अंक वही हाईस्कूल में अथर्व जायसवाल 92, तनय मिश्रा 90, संजय सिंह90, वंशिता मिश्रा 90, साधना पाल 90, उत्सव पाल मैं स्कूल में टॉप किया है सभी मेधावियों को प्रबंधक अरविंद सिंह ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रधानाचार्य, शिक्षक राघवेंद्र श्रीवास्तव आनंद सिंह उर्फ पिन्टू, अंकित सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान हेतु बनाये गये अतिरिक्त फैसिलेटेशन सेंटर का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** प्रेक्षक सामान्य डा0 (टीएमटी) बी0 माहेश्वरी, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल व मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के साथ मंगलवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एण्ड कॉलेज एवं मैरी लूकस स्कूल एण्ड कॉलेज में आज दिनांक 14.05.2024 से प्रारम्भ हुए मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचकर प्रत्येक प्रशिक्षण कक्ष का निरीक्षण किया। प्रेक्षक महोदया ने प्रशिक्षण कक्ष में पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया से सम्बंधित बारीकियों के बारे में पूरी गहनता के साथ जानकारी प्राप्त करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि अच्छे ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करने पर दायित्वों के निर्वहन में कोई त्रुटि नहीं होने पायेगी और आप लोग बड़ी ही कुशलता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न करा सकेगे। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी मतदान कामिंकों को मतदान से सम्बंधित सभी सूचनाएं त्रुटिरहित ससमय उपलब्ध कराते रहने के लिए कहा।जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कामिंकों को पूरे मनोयोग एवं तन्मयता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होने कहा कि आप जितने अच्छे ढंग से मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे, उतने ही सहज एवं कुशलता के साथ मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न करा सकेंगे, इसलिए प्रशिक्षण में बतायी जा रही मतदान प्रक्रिया से सम्बंधित बारीकियों के बारे गहनता से जानकारी प्राप्त करें।मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के द्वारा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों, मतदान की प्रक्रिया, ईवीएम मशीन के संचालन व सीयू, बीयू और वीवीपैट की टैगिंग व सीलिंग, मॉकपोल के बाद ईवीएम को क्लीयर किए जाने तथा मतदान समाप्त होने के बाद सील करने एवं प्रपत्रों को ठीक ढंग से भरे जाने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा मतदान कार्मिको को पोस्टल बैलट/ ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) एवं अन्य जनपद में तैनात जनपद प्रयागराज के ऐसे मतदाता जो सरकारी सेवा में कार्यरत है और चुनाव के छठवे चरण में निर्वाचन कार्य में लगे है, को पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान हेतु बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एण्ड कॉलेज एवं मैरी लूकस स्कूल एण्ड कॉलेज में बनाये गये अतिरिक्त फैसिलेटेशन सेंटर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने दोनो फैसिलेटेशन सेंटर की प्रत्येक टेबल पर पहुंचकर सम्बंधित अधिकारियों से किस मतदान कर्मी को मतदान किए जाने हेतु पोस्टल बैलेट पेपर दिया जायेगा, किसे ईडीसी दिया जायेगा, कौन से फार्म भरे जायेंगे, कौन से संलग्नक लगेंगे, रजिस्टर में इंट्री कैसे करेंगे इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी अधिकारी के द्वारा इस कार्य में लापरवाही या उदासीनता बरती जायेगी, तो सम्बंधित के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनुभव सिंह, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, परियोजना निदेशक ए0के0 मौर्य सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## त्रिवेणी नगर मोहल्ले में दो दिन से जलापूर्ति ठप लोगों में आक्रोश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के त्रिवेणी नगर मोहल्ले में दो दिनों से पानी की आपूर्ति ठप है। बूंद-बूंद पानी के लिए, लोग परेशान हैं। लोगों को पीने के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है। मुक्ता विहार पार्क के पास सड़क चौड़ीकरण के दौरान कई जगहों से पाइप टूट गया है। इससे आपूर्ति बाधित है। उत्तर प्रदेश व्यापारी एकता समिति के प्रदेश के अध्यक्ष विजय गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र के सैकड़ों परिवार दो दिन से पानी के लिए परेशान हैं। संबंधित अधिकारी को सूचना भी दे दी गई है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। विजय गुप्ता ने बताया कि उन्होंने मंगलवार को त्रिवेणी नगर में बैठक भी की। रमेश कुरील, अजय गुप्ता, दिनेश मिश्रा, राजू श्रीवास्तव, गीता देवी, शकुंतला देवी, कमलेश तिवारी, दिनेश श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव ने अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया है।

## नगर निगम की दो मंजिला मार्केट पर चला पीडीए का बुलडोजर



**झूंसी।** नई झूंसी स्थित नगर निगम की खाली पड़ी दो मंजिली मार्केट पर मंगलवार को फिर पीडीए का बुलडोजर चला। मार्केट सड़क चौड़ीकरण की जद में थी। कुछ दिन पहले भी मार्केट के कुछ हिस्से पर बुलडोजर चलाया गया था। नगर निगम सीमा विस्तार से तीन वर्ष पहले नगर पंचायत झूंसी द्वारा करोड़ों की लागत से क्षेत्र के छोटे तबके के व्यापारियों के लिए बनाई गई दो मंजिली मार्केट के एलाटमेंट का इंतजार कर रहे लोगो के मंसूबों पर तब पानी फिर गया जब नई झूंसी से पुरानी झूंसी को जोड़ने वाले मार्ग के चौड़ीकरण के लिए नाप शुरू हुई नाप में नगर निगम की दो मंजिला मार्केट के भी कई कमरे जद में आ गए। पीडीए ने कुछ दिन पहले ही मार्केट के कुछ हिस्से पर बुलडोजर चलाया था। मंगलवार को ऊपर नीचे मिला कर और चार कमरों को ढहा दिया गया। स्थानीय लोगों की माने तो नगर निगम की मार्केट गिरने से सरकार को लाखों का नुकसान हुआ है।

# गेहूं की आवक कमजोर होने से क्रय केंद्र पर पहुंच रहे आला अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** मंगलवार को सरकारी क्रय केंद्र बी-पैक्स तेंदुआ कलां में पहुंचे सौरभ बाबू आयुक्त खाद्य विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी भीमचन्द्र गौतम जिला खाद्य विपणन अधिकारी धर्म वीर, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीएसएस संजय चौधरी एवं जिला प्रवंधक संतोष कुमार श्रीवास्तव ने ग्रामीणों से संवाद कर गेहूं क्रय केंद्र तक नहीं पहुंच पाने का कारण जानना चाहा जिसमें तेंदुआ कलां के किसान विश्वनाथ पटेल ने बताया कि असमय वारिस एवं ओलावृष्टि के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ है। प्रतिबीघा जो उत्पादन 8 से10कुं प्रति बीघा होना था वह अधिकतम 3 कुं बीघा हुआ है। जबकि अमोरा के मोहित लाल मिश्रा सहित कई किसानों ने बताया कि गांव में किसानों के द्वार पर समर्थन मूल्य से अधिक कीमत प्राप्त होने के कारण किसान क्रय केंद्रों पर गेहूं नहीं ले जा रहे हैं।बी-पैक्स तेंदुआ कलां के अध्यक्ष राहुल तिवारी ने बताया कि किसानों के घर -घर जाकर तौल करवाने के बावजूद भी लक्ष्य के मुताबिक खरीद नहीं हो पा रही है।

## नैनी में छात्र का कमरे के अंदर फंदे पर लटकता मिला शव

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के चीनी मिल के पास प्रयागपुरम। कालोनी में रहने वाले सिपाही के पुत्र का शव सोमवार शाम कमरे के अंदर फंदे पर लटकता मिला। इसकी जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार दयाशंकर शुक्ल उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही है। वह इन दिनों धूमनगंज थाने में तैनात है। नैनी के गंगापुरम कालोनी में वह परिवार के साथ बीते कई सालों से रह रहे है। सोमवार शाम को उनके 17 साल के पुत्र अंकित शुक्ला ने कमरे के अंदर फांसी लगा ली। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आया तो परिवार के लोग उसे बुलाने गए। कमरा अंदर से बंद था, खिड़की से झाकने पर परिजनों ने देखा के वह फंदे में लटक रहा है। यह देखकर कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कागजी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोर ने आत्महत्या क्यों कि यह स्पष्ट नहीं हो सका है। परिवारीजन द्वारा पढाई को लेकर अकित को डांट देने से क्षुब्ध होकर आत्महत्या की घटना घटित होना ज्ञात हआ है। शव को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा जा रहा है।

# थाना थरवई पर एलएलबी के छात्र-छात्राओं ने विस्तार से जाना थाने की कार्यप्रणाली

**अखंड भारत संदेश**



**थरवई।** थरवई थाने में एलएलबी की डिग्री हासिल करने वाले सभी नवयुवकों को थाने के अंदर की कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें एफआईआर का मतलब प्रथम सुचना अधिकार क्यों है । इसे किन-किन माध्यमों से दिया जाता है । सूचना का प्रारुप कैसा होना चाहिए इसके साथ आवश्यक दस्तावेज का होना कितना जरूरी है। लिखित तहरीर के आधार पर संविधान की किन धाराओं के अंतर्गत सूचना मान्य होगी। इन विषयों पर चर्चा करते हुए कई मुख्य पहलुओं को भी उजागर किया गया। क्षेत्र के आधार पर तैनात पुलिसकर्मियों को जांच कर रिपोर्ट लगाने, केस की विवेचना कर सीडीआर तैयार करने उसे फाइल में सुरक्षित रखने, गंभीर धाराओं में सीडीआर को न्यायलय में किस तरह प्रस्तुत किया जाता है। आदि विषयों पर जानकारी देते हुए महीलाओं के साथ किसी भी प्रकार की समस्या ना हो जिसके लिए महिला कांस्टेबल को प्रत्येक जांच प्रणाली में मुख्य रूप से कैसे तैनात किया जाता है। साथ ही पुलिस के प्रति लोगों का रवैया डरावना न होकर आधिकारिक हो इस विषय पर पुरा ध्यान कैसे दिया जाता है । इसके साथ आदि विषयों पर जानकारी देते हुए सभी को प्रश्नों को मौके परस्थित उपनिरीक्षक धर्मेंद्र यादव व उपनिरीक्षक रामावतार के साथ महिला उपनिरीक्षक प्राची वर्मा ने जानकारी साझा करते हुए मौके पर मौजूद रहीं।

# खुलासा : डिजिटल अरेस्ट से ठगी के लिए सरगना ने बना रखा था स्टूडियो, पुलिस कार्यालय का दिया था लुक

**प्रयागराज।** जार्जटाउन में रिटायर आईएफएस की पत्नी काकोलीदास गुप्ता को डिजिटल अरेस्ट कर 1.48 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना ने दिल्ली में स्टूडियो बना रखा था। इस स्टूडियो को उसने पुलिस कार्यालय जैसा लुक दिया हुआ था। यहीं से वीडियो कॉल कर वह लोगों को डरा-धमकाकर रुपये ऐंठता था। इसी स्टूडियो से अफसर की पत्नी को भी कॉल किया गया था।यह खुलासा पुलिस की जांच पड़ताल में हुआ है। अफसर की पत्नी ने भी पुलिस को बताया था कि उनसे पहले कूरियर कंपनी का कर्मचारी और फिर पुलिस अफसर बनकर एक व्यक्ति ने बात की। उसने खुद को डीसीपी साइबर क्राइम मुंबई बताया। सूत्रों के मुताबिक जांच में यह बात सामने आई है कि गिरोह के सरगना देव रॉय ने द्वारका सेक्टर आठ नई दिल्ली में साइबर ठगी के लिए अपने घर में स्टूडियो बना रखा था।इस स्टूडियो को उसने पुलिस कार्यालय जैसा लुक दिया। साइबर ठगी का शिकार बनाए गए व्यक्ति को वह इसी स्टूडियो से वीडियो कॉल करता था। जिससे वह व्यक्ति उसके झांसे में आ जाता था। फिलहाल देव की तलाश जारी है। पूर्व में जेल भेजे गए चार आरोपियों में शामिल उसके बेटे से पूछताछ में पुलिस को पता चला था कि देव नेपाल भाग गया है।

**गैरजमानती वारंट जारी कराने की तैयारी :** ठग गिरोह के सरगना देव रॉय के खिलाफ पुलिस जल्द ही गैर जमानती वारंट भी जारी करा सकती है। दरअसल, खुलासे के बाद भी अब तक उसे पकड़ा नहीं जा सका है। पुलिस की एक टीम उसकी तलाश में दिल्ली भी गई थी, लेकिन वह नहीं मिला। ऐसे में जल्द ही उसके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कराया जा सकता है।

# बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**करछना।** इन दिनों रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज के बच्चों द्वारा विविध कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है इसी कड़ी में त्रिवेणी प्रेरणा संकुल स्तरीय संघ की महिलाओं के साथ विद्यालय के बच्चों ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। विद्यालय के बच्चे हाथों में जागरूकता संबंधी पोस्टर और बैनर लिए संघ की महिलाओं के साथ पिपरावं गांव में पहुंचकर ग्रामीण और राहगीरों को मतदान के प्रति जागरूक किए। इसके पूर्व विद्यालय प्रार्थना सभा स्थल पर प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने लोकतंत्र में मतदान का अधिकार और महत्व समझाते हुए बच्चों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। शिक्षकों ने भी बच्चों से अपने पास पड़ोस और घर के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। विद्यालय से निकली रैली ग्रामीणों को जागरूक करने के बाद वापस विद्यालय में समाप्त हुई। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक ,शिक्षिकाएं कर्मचारी और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।




## मुगारी में स्कूल के छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**करछना।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया गया । कार्यक्रम की शुरूवात विकासखंड करछना के मुंगारी स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर से शुरू किया गया जिसमे विद्यालय के सभी शिक्षक एवम बालिकाओं तथा महिला समूह की सदस्यों ने बहुत ही सक्रियता दिखाई तथा मतदान करने के लिए नारों तथा तख्तियों के माध्यम से रैली निकाल कर जनमानस को जागरूक किया । कार्यक्रम के स्वीप प्रभारी आदित्य तिवारी ने कार्यक्रम के महत्व को बताते हुए कहा कि मतदान महादान है यह देश के नागरिकों का नैतिक कर्तव्य तथा दायित्व है कि अपना वोट कर देश के संविधान को और भी मजबूत बनाएं । वहीं प्रधानाचार्या ज्योत्सना सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा विद्यालय के बालिकाओं तथा शिक्षको को मतदान की शपथ दिलाई , तथा छात्राओं से भी अपील की अपने अभिवावकों को मतदान में सक्रीय होकर वोट देने के लिए प्रोत्साहित करें। विद्यालय की शिक्षिका ममता श्रीवास्तव, रुचि सेठी,शोभिता श्रीवास्तव,प्रियंका, संध्या राय,प्रिया सिंह,रंजना शुक्ला, कहकशा नसीम तथा महिला समूह की सखी नीतू पांडे, रेखा सिंह,शशि देवी, रूपा देवी आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### महापौर गणेश केशारवानी ने किया जनसंपर्क



**मेजा।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में क्षेत्र के खीरी बाजार सहित मेजा सर्किल के कई अन्य बाजारों में महापौर गणेश केसरवानी के साथ दर्जनों भाजपा कार्यकताओं ने ब्यपक जनसंपर्क किया। इस दौरान भाजपा यमुनापार जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय व्यापारियों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं को प्राथमिकता से जहां गिनाते रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को कमल के फूल की बटन दबाकर भारी मतों से विजई बनाने की अपील भी किये। इस दौरान उनके साथ भाजपा के कई अन्य दिग्गज नेता भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### पीजी कॉलेज में अज्ञात चोरों ने लाखों का सामान किया पार

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के बेरुई गांव स्थित राज नारायण पांडे पीजी कॉलेज में अज्ञात चोरों ने बीती रात कॉलेज के प्रांगण में घुसकर लगभग तीन लाख रुपए की सामग्री चुरा ले गए। संबंध में प्रबंधक द्वारा थाने में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज नारायण पांडे पीजी कॉलेज बेरूई में सोमवार की रात करीब 12 बजकर 10 मिनट पर अज्ञात चोरों ने मौका देखकर कॉलेज का दीवार फांदकर कर प्रांगण में घुस गए और वहां रखा 10 पीस अल्युमिनियम का दरवाजा, 6 पीस लोहे का जंगला, दो पीस गार्डर, 10 बंडल अल्युमिनियम, 10 कुंटल सरिया एवं एंगल समेत लगभग 3 लख रुपए की सामग्री चोरों ने पार कर गए। कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर देवेंद्र पांडे के अनुसार चोरी कर रहे दो चोरों की करतूत विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के संबंध में मंगलवार को कॉलेज के प्रबंधक द्वारा थाने में जाकर पुलिस को लिखित तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

### सरायममरेज पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत खानपुर डांडी निवासी हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त रामचंद्र प्रजापति पुत्र स्व. पुन्नी लाल प्रजापति उम्र 45 वर्ष को बरियारामपुर रेलवे क्रासिंग से गिरफ्तार करके विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संजय कुमार मौर्य एवं उप निरीक्षक तेज बहादुर थाना सरायममरेज शामिल रहे। वहीं दूसरे वांछित अभियुक्त अरुण कुमार यादव उर्फ छोटू पुत्र महेंद्र कुमार यादव उम्र 19 वर्ष निवासी राचनपुर बघेड़ी थाना सरायममरेज को सरायममरेज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को भेलखा नदी पुल के पास गिरफ्तार किया गया जिसके पास से एक अवैध रिवाल्वर एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया अभियुक्त पर मुकदमा पंजीकृत करके विधिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक विशाल कुमार गुप्ता एवं प्रशिक्षित महिला उप निरीक्षक कुमकुम तथा कांस्टेबल समीर सिंह थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज शामिल रहे।यह समस्त जानकारी एसएचओ सरायममरेज योगेश सिंह द्वारा दिया गया।

### समस्त विधि छात्र/छात्रा समर इंटर्नशिप कार्यक्रम में ले सकते भाग

**प्रयागराज।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधि छात्रों के समर इंटर्नशिप हेतु प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके अनुसार प्रथम दस दिन (दिनांक 01 जून से दिनांक 10 जून तक) इंटर्नशिप कार्यक्रम व 20 दिवस प्रोजेक्ट कार्य किया जायेगा। समस्त विधि छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि समर इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रतिभागिता हेतु अपने कालेज अथवा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज में सम्पर्क कर उक्त कार्यक्रम में भाग ले सकते है। यह जानकारी श्री दिनेश कुमार गौतम, पूर्णकालिक सचिव/ए0डी0जे0, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा प्रदान की गयी।

# आजम खान और परिवार के मामले में 3 घंटे सुनवाई

**प्रयागराज।** सपा नेता आजम खान, बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीम फातिमा की अपील पर आज 14 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कई घंटे चली सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा। इससे पहले आजम खान के वकीलों और राज्य सरकार के वकीलों ने अपनी ओर से दलीलें पेंश कीं। माना जा रहा है कि अब अगली सुनवाई पर हाईकोर्ट निर्णय सुना सकता है। आजम खान और उनके परिवार ने रामपुर सेशन कोर्ट के यहां से जमानत याचिका खारिज होने वाले फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए जमानत देने और सजा को रद्द करने के लिए क्रिमिनल रिवीजन याचिका दाखिल की है। इसी मामले पर फैसला सुरक्षित हुआ है। इससे पहले सुनवाई में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को अपना पक्ष रखने को कहा गया था। प्रदेश सरकार के वकीलों ने आजम खान, उनके परिवार पर हुई कार्रवाई पर पक्ष रखा था। साथ ही फर्जी प्रमाण पत्र मामले में जांच रिपोर्ट दी थी। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट में 23 अप्रैल को भी मामले की सुनवाई चली थी।तब राज्य सरकार और शिकायतकर्ता के वकील की तरफ से हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा गया था। जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच में दोनों पक्षों ने दलीलें पेश की थीं। कोर्ट ने दोनों का पक्ष सुनने के बाद तारीख लगा दी थी।



**2019 में अब्दुल्ला आजम पर केस दर्ज हुआ था :** रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में रामपुर के गंज थाने में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाणपत्र होने का मामला दर्ज कराया था। रामपुर के गंज थाने में आईपीसी की धारा 193, 420, 467, 468, 471 के तहत एफआईआर दर्ज हुई थी। इसमें आजम खान और उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा को भी आरोपी बनाया गया था। रामपुर एमपी/एमएलए कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में तीनों को सात-सात साल की सजा सुनाई थी।तीनों ने रामपुर सेशन कोर्ट के यहां से जमानत याचिका खारिज होने वाले फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए जमानत देने और सजा को रद्द करने के लिए क्रिमिनल रिवीजन याचिका दाखिल की है।

**ट्रायल पर रोक लगाने वाली याचिका हुई थी खारिज :** पिछले साल रामपुर एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे ट्रायल पर रोक लगाने वाली आजम खान की याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम ने 2017 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में रामपुर जिले की स्वार सीट से जीत हासिल की थी। अब्दुल्ला ने इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार नवाब काजिम अली खान को हराया था।चुनाव नतीजों के बाद बसपा उम्मीदवार नवाब काजिम ने अब्दुल्ला के स्कूल और बर्थ सर्टिफिकेट में दो अलग-अलग जन्मतिथि को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की थी।

**अब्दुल्ला ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए अब्दुल्ला की सदस्यता को रद्द करने का आदेश दिया था। अब्दुल्ला ने हाईकोर्ट के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी थी। हालांकि उसे इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से भी कोई राहत नहीं मिली थी।तीनों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में सेशन कोर्ट के फैसले के खिलाफ क्रिमिनल रिवीजन याचिका दाखिल की है। मामले में शिकायतकर्ता आकाश सक्सेना के अधिवक्ता शरद शर्मा अपना पक्ष रख रहे हैं।

## रैली निकालकर शिक्षक सहित छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक




**सहसों।** पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज भोपतपुर सहसों के प्रांगण से मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान के चलते जागरूकता रैली निकालकर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदाताओं के प्रति जागरूक करने के लिए मतदान संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। इस मौके पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त करते मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ भी ली। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सुनील कुमार, फूल सिंह, दिवाकर सिंह व अमर बहादुर ने मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूकता के साथ मतदान के लिए केंद्र पर जाते समय साथ में आवश्यक पहचान पत्र को अवश्य ले जाने के लिए भी प्रेरित किया। जिससे मतदान स्थल पर मतदान के समय किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ राजेश सिंह ने छात्र-छात्राओं को अपने अभिभावकों को निश्चित रूप से मतदान करने की प्रेरणा देते उन्होंने कहा स्वच्छ लोकतंत्र के लिए मतदान करना बहुत जरूरी है मत का दान महादान है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विवेक चंद्र, कौशलेंद्र सिंह, विमल भास्कर, श्रीमती रेखा सिंह, प्रधान लिपिक कौशलेंद्र नाथ सिंह सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी अपना सहयोग प्रदान करते उपस्थित रहे।

# पीठासीन अधिकारियों से सीडीओ ने निर्वाचन सम्बन्धी ली जानकारी

## मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का किया दौरा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिये जनपद में मतदान अधिकारियों और कार्मिकों के चल रहे प्रशिक्षण केन्द्रों सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज एवं राजकीय इण्टर कालेज का मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा ने औचक निरीक्षण किया और विभिन्न कक्षों में जाकर पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों से प्रश्न पूछे और प्रशिक्षण प्रक्रिया से संतुष्ट हुये।


मतदान कार्मिकों से जानकारी लेते सीडीओ नवनीत सेहारा।

उन्होंने विभिन्न प्रश्न पूछे जैसे रिकॉर्ड किए गए मतों का लेख कैसे तैयार किया जाएगा, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कितने विकल्प के रूप में पहचान पत्र है, एजेंट की नियुक्ति किस प्रारूप पर की जाएगी, किन विशेष परिस्थितियों में पीठासीन वोटिंग कंपार्टमेंट में जाएंगे, फॉर्म कैसे भरा जाएगा, एवं अन्य सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। उन्होने मतदान कार्मिकों से कहा कि वास्तविक मतदान प्रारम्भ करने से पहले टोटल बटन दबाकर देखा जायेगा की पोल शून्य है कि नही और उसे प्रथम मतदान के पहले 17ए रजिस्टर में सबसे पहले अंकित करके तब मतदान प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। प्रशिक्षण केन्द्रों पर विधानसभावार बनाये गये फैसिलिटेशन सेन्टर का सामान्य प्रेक्षक व सीडीओ ने निरीक्षण भी किया। सीडीओ ने सभी मतदान कार्मिकों से कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान अवश्य करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान कार्मिकों से कहा कि जनपद प्रतापगढ़ में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष और सकुशल सम्पन्न करायें, सभी पीठासीन अधिकारी एमपीएस ऐप डाउनलोड करके ही जायेगें। पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से राज्य स्तरीय सुपर मास्टर ट्रेनर डा0 मो0 अनीस, डा0 विन्ध्याचल सिंह और एआरपी धर्मेन्द्र ओझा ने ईवीएम, एएसडी सूची, टेण्डर वोट, चैलेन्ज वोट, टेस्ट वोट, प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र में दो वैलेट यूनिट लगेगी एक नम्बर की वैलेट यूनिट वीवीपैट से जोड़ी जायेगी और दो नम्बर की वैलेट यूनिट को एक नम्बर वैलेट यूनिट से जोड़ा जायेगा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी, प्राचार्य अफीम कोठी/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक प्रतापगढ़, मंजू वर्मा, डॉ रामचंद्र शर्मा, परियोजना निदेशक प्रतापगढ़, डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस सहित प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# अब तो जागो प्यारे मतदाता बनो देश के भाग्य-विधाता

### बच्चों ने रैली निकाल कर शत प्रतिशत मतदान करने का दिया संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ।** पट्टी तहसील के बहुता ग्राम पंचायत मे जिलाधिकारी के निर्देशन में तरुण चेतना संस्था द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में महिलाओ एवं युवाओं और बच्चों ने रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया शत् प्रतिशत मतदान करने की अपील की इस अवसर पर तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतापगढ़ मे 25 मई को चुनाव का पर्व है जो हमारे देश के गर्व की बात है।

इस लोकतंत्र पर्व में हम सबको अपनी मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। जिससे अपने देश के विकास के लिए एक सशक्त सरकार बना सकें। हम सबको आने वाले 25 मई 2024 दिन शनिवार को इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि लोकतंत्र के लिए हमारा एक भी वोट देश की दशा और दिशा बदल सकती हैं। इसी क्रम में बाल अधिकार परियोजना के परियोजना कोऑर्डिनेटर शिवशंकर चैरसिया ने कहा कि इस बार लोकसभा का मतदान 25 मई को होगा। अपने बूथ पर जाकर मतदान का उपयोग करें और लोकतंत्र बहाली में अपना मत दे ताकि लोकतंत्र कायम रहे। सुपरवाइजर श्री हकीम अंसारी ने लोगों को शपथ दिलवाई उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि अबकी बार हम लोग प्रतापगढ़ में शत् प्रतिशत मतदान करेंगे। जब जागेंगे प्यारे मतदाता बानो देश के भाग्य विधाता नारा लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। इस लोकतंत्र के महापर्व में नई पीढ़ी के युवाओं को शत् प्रतिशत मतदान के लिए आगे आना होगा। ताकि हमारे देश में साफ सुथरी सरकार बन सके। इस अवसर पर ग्राम प्रधान वाहिद अंसारी, शकुंतला, संगीता, मंजू गुप्ता, छाया, अभयसिंह पटेल, गार्गी वर्मा आदि लोगो ने अपना विचार व्यक्ति किया।



मतदाता रैली में शामिल बच्चे।

# राजा भइया से मिलने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर

### देर शाम राजा भइया ने कार्यकर्ताओं के साथ की मीटिंग

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल ए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया से उनके आवास मुलाक़ात करने के लिए भाजपा के कौशाम्बी प्रत्याशी विनोद सोनकर बेंती महल पहुचे। उनके बीच आधा घंटा तक मुलाक़ात और वार्ता हुयी। इस मुलाक़ात के मायने और भी ज्यादा हो जाते हैं क्यू की आज ही राजा भैया अपने कार्यकर्ताओं के साथ समर्थन के मुद्दे पर मीटिंग ले रहे है।


राजा भइया से मुलाकात करते भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर।

बताते चलें की राजा भैया और अमित शाह के बीच बंगलोर मे हुयी औपचारिक मुलाक़ात के बाद ये कयास लगना शुरु हो गया था लेकिन बाबागंज विधानसभा मे हुयी अमित शाह की चुनावी सभा मे राजा भैया के मंच साझा न करने से सारे अनुमान हवा हवाई साबित हो गये। कार्यकर्ताओं मे फैल रहे उहा पोह को देखते हुए राजा भैया ने मंगलवार को शाम 5 बजे जनसत्ता दल के बूथ लेबल कार्यकर्ताओं की मीटिंग रखी ताकि समर्थन के मुद्दे पर उनकी राय जानी जा सके। मंगलवार को ही भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर राजा भैया से मिलने पहुंच गये। राजा भैया और भाजपा प्रत्याशी के बीच क्या बात हुयी ये तो परदे मे है लेकिन जिस नेता से बीते 10 वर्षो से दूरी बनाये हुए भाजपा प्रत्याशी का राजा भैया से मिलने पहुंचना ये कोई कम रहस्यमय बात नही है। 14 मई को देर शाम राजा भैया अपने कार्यकर्ताओं को क्या संदेश देते है ये तो पता चल जायेगा लेकिन कौशाम्बी मे जनसत्ता दल का प्रत्याशी न होना ही इस पूरे संस्करण का जन्मदाता है। वैसे ये बात तय है को जनसत्ता दल जिसको भी समर्थन देगा उसका पलड़ा भारी हो जायेगा इसमे कोई दो राय नही है। बता दें कि केंद्रीय मंत्री संजीव बनियाल के साथ भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर बेंती कोठी पहुँचे। काफी देर चली वार्ता के बाद राजा भैया ने कहा,समर्थकों से राय मशविरा के बाद ही कोई निर्णय होगा।

# जन सेवा केंद्र के संचालक को ड्रीम-11 ने बनाया करोड़पति

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कहते हैं जब किस्मत की चाल बदलती है तो देने वाला छप्पर तोड़ कर देता है कहावत चरितार्थ हुई है कोतवाली पट्टी क्षेत्र के रहने वाले बचपन से लेकर अब तक गरीबी से जंग लड़ रहे सहज जन सेवा केंद्र की संचालक विनय कुमार पांडेय पुत्र जयप्रकाश पांडेय गांव में ही सहज जन सेवा केंद्र का संचालन करते हैं मानो मनोरंजन करने के लिए ड्रीम इलेवन पर टीम बनानी शुरू कर दी। लगातार कई महीनो टीम बनाने के बाद रविवार की शाम को ड्रीम इलेवन ने विनय कुमार को प्रथम पुरस्कार देकर करोड़पति बना दिया।जैसे ही यह खबर क्षेत्र में पहुंची बात जंगल के आग की तरह चारों तरफ फैल गई और शुभकामना देने वालों का तांता लग गया। घर पर ड्रीम इलेवन के विजेता के पिता जयप्रकाश पांडेय ने लोगों की शुभकामनाएं स्वीकार कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया फिलहाल इस समय ड्रीम इलेवन के विजेता उत्तराखंड की यात्रा पर हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता नंदन चतुर्वेदी, देवेंद्र शुक्ला वरिष्ठ पत्रकार राकेश तिवारी पत्रकार विजय पाठक पत्रकार शिवम पंडित आदि लोगों ने बधाई देकर खुशी का इजहार किया है।

# विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न का पुलिस से की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित किए जाने के मामले में थाने पर प्रार्थना पत्र दिया गया है। रुबीना बानो ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है की शादी के बाद से ही ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करते चले आ रहे हैं कुछ दिन पूर्व उसे मारपीट कर घर से भगा पीड़ित महिला ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# कार की टक्कर से युवक घायल, गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने लालगंज ट्रामा सेण्टर से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सांगीपुर थानान्तर्गत थरिया गांव निवासी सूरज वर्मा 20 पुत्र रामलाल रविवार की शाम बाइक से किसी कार्य से घर से जलेशरगंज की ओर जा रहा था। रास्ते में कोतवाली लालगंज क्षेत्र के केशवपुर के पास अज्ञात कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चला रहा सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि घटना की तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# केवल नारे लगाने से नहीं होता विकासः प्रथमेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ से बसपा के उम्मीदवार प्रथमेश मिश्र सेनानी लोगों से मिलकर समर्थन मांग रहे हैं। अपने चुनावी एजेंडे पर बात कर रहे हैं। सोमवार को रानीगंज क्षेत्र में जनसंपर्क किया।


लोगों से मुलाकात करते बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बताए कि प्रतापगढ़ में विकास कहां है। केवल कहने से विकास नहीं होता। रोजगार नहीं है। अस्पताल में दवा नहीं है। थाने, तहसीलों में जनता भटक रही है। केवल नारों से विकास किया जा रहा है। प्रथमेश ने कहा कि जिस तरह से पब्लिक का आशीर्वाद मिल रहा है, उससे उत्साह बढ़ा है। खास बात यह है कि हमारे साथ सर्वसमाज है। बहन कु. मायावती की सरकार में जो विकास हुआ था, वह अब तक नहीं हुआ। कांशीराम कालोनी बदहाल हैं। गरीब उपेक्षित हैं। इस दौरान बसपा के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, वरिष्ठ नेता अश्वनी राणा समेत लोग साथ रहे।

# राजा भईया ने भाजपा को समर्थन देने से किया इन्कार

### अपनी पसंद के उम्मीदवार को चुने समर्थकः राजा भईया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल सुप्रीमो राजा भैया ने कार्यकर्ताओं की राज जानने के बाद ऐलान किया है कि प्रतापगढ़ और लोकसभा चुनाव में उनके समर्थक और कार्यकर्ता अपनी पसंद के उम्मीदवार को चुनने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है। बता दे कि आज बुलाई गई बैठक में कार्यकर्ताओं ने बहुमत से प्रतापगढ़ और कौशांबी में भाजपा प्रत्याशियों के विरोध में अपनी बात उठाई इसके बाद राजा का यह फैसला सामने आया है।बता दें कि कार्यकर्ताओं की मीटिंग से ठीक पहले केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान कौशांबी प्रत्याशी विनोद सोनकर के साथ राजा भैया को मनाने पहुंचे थे इसके बाद राजा भैया ने कहा था की अंतिम निर्णय कार्यकर्ताओं को सुनने और उनकी राय जानने के बाद ही होगा। राजा भैया के इस फैसले से कौशांबी और प्रतापगढ़ दोनों ही सीटों पर भाजपा को झटका लग सकता है। कौशांबी लोकसभा की बाबागंज और कुंडा विधानसभा पर राजा भैया का कब्जा है जबकि प्रतापगढ़ की सभी पांच विधानसभा में उनके हजारों समर्थक हैं।

# लोकमंगल की निकाली गई कलश शोभा यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रीमदभागवत कथा को लेकर क्षेत्र के इटौरी पूरे मकन में कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। कथाव्यास पं. सर्वेशपति त्रिपाठी के नेतृत्व में निकाली गयी कलश शोभा यात्रा में डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु नाचते झूमते व राधाकृष्ण के जयकारे लगाते दिखे।


इटौरी में श्रद्धालुओं ने निकाली कलश शोभा यात्रा।

सिर पर आस्था का कलश लिये बड़ी संख्या में शामिल महिला पुरूष श्रद्धालु कुलदेवी मंदिर नर्वदेश्वर नाथ धाम श्रीमहाकाली धाम होते हुए ऊँ बूढेश्वरनाथ धाम पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं ने विधिविधान से दर्शन पूजन किया। इसके बाद शोभा यात्रा वापस कथास्थल पहुंची। आयोजक पारसनाथ तिवारी ने व्यासपीठ का विधिवत पूजन किया। कथाव्यास पं. सर्वेशपति त्रिपाठी ने कहा कि कलियुग में श्रीमदभागवत कथा का श्रवण अमृत के समान है। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश मिश्र, शिवदुलारे तिवारी, कल्पनाथ तिवारी, कृपाशंकर तिवारी, कुसुम तिवारी, धर्मेन्द्र मिश्र, रामसमुझ मिश्र आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सपा प्रत्याशी डा0 एसपी पटेल के समर्थन में विधायक राम सिंह पटेल ने किया जनसम्पर्क

## पूर्व एमएलसी कांती सिंह सहित इण्डिया गठबंधन के नेताओं ने बनाया जोश का माहौल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने मंगलवार को गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जिले के विधानसभा प्रतापगढ़ क्षेत्र के ब्लाक सदर स्थित बाबागंज साहिब गुरुद्वारे में जाकर अरदास कर आशीर्वाद प्राप्त किया।


लोगों से मुलाकात करते इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी डा0 एसपी सिंह पटेल।

इसके तत्पश्चात इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल ने नगर पंचायत सिटी में तूफानी दौरा किया। इस मौके पर सिटी चैकी, पटेल नगर, चकपतेली नगर पंचायत अध्यक्ष जैकी चेयरमैन कार्यालय, इंडस्ट्रियल सुखपाल नगर, चकाजी सिटी, बाग मिर्जा, कजियाना वार्ड, कारी घाट, सोनारन मोहल्ला, घोसियाना सिटी लोगों से मुलाकात की। जनता ने प्रतापगढ़ में लचर स्वास्थ्य सुविधाओं को एक गंभीर समस्या बताया। इस दौरान जैकी खान (चेयरमैन प्रतापगढ़ सिटी), अश्विनी सोनी (जिला कोषाध्यक्ष समाजवादी पार्टी प्रतापगढ़), इमरान भाई, शिव मूर्ति राठौर, डॉक्टर तेलत उमर, सुरेश पटेल, भगवान पटेल,दीपू मौर्य, शैलेंद्र यादव, सुनील यादव, अमित मिश्रा, राहुल सिंह, राहुल कुमार प्रजापति, जुहैब खान, सुरेश यादव, अमन यादव, शिवम मिश्रा, पंकज सरोज आदि लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर विधानसभा पट्टी विधायक राम सिंह पटेल पट्टी विधानसभा के अंतर्गत ब्लॉक-आसपुर देवसरा के ग्राम-पहलमापुर गोदल, चिलावा सहित दर्जन भर क्षेत्रों में जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के समर्थन में लोगों से सहयोग की अपील की। इस मौके पर प्रत्याशी महोदय के अनुज सुपुत्र शिखर पाल सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष पट्टी आर. के. भीम, महेंद्र यादव, आशीष यादव, लाल बहादुर यादव (जिला पंचायत), पप्पू यादव (जिला उपाध्यक्ष), संदीप यादव सभासद, भारत निषाद, कृपाशंकर तिवारी, राम शिरोमणि पाल, रामापति तिवारी, आदर्श मौर्या, आशीष पटेल, रजनीश राणा, प्रेम पटेल, सुरेश यादव, महेश चैधरी आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में दूसरी ओर गठबंधन के सपा प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व एमएलसी सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने मंगलवार को जिले के विधानसभा विश्वनाथगंज क्षेत्र के सगरा सुन्दरपुर, इटौरी, रंगोली, असाब, तारापुर, सरुआ, रजवट, पश्चिम गाँव, अठगवा, पचखरा, कोठा नेवाधिया, पहाड़पुर सहित दर्जन भर क्षेत्रों में जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के समर्थन में लोगों से सहयोग की अपील की। इस मौके पर पंकज पटेल (जिला पंचायत सदस्य), संजय सिंह (प्रधान बहुचरा), दिनेश यादव, मो. आज़ाद, चन्दिका सरोज, शिवराम प्रधान, राम आसरे (पूर्व प्रधान), संजय वर्मा, शिव बाबा, लाल साहब, विजय प्रधान, शिव लाल वर्मा, बाबूलाल, अन्नू फौजी आदि लोग मौजूद रहे।

# फायर ब्रिगेड की गाड़ी की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत, दो बेटियां घायल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के समीप कटरा रोड पर बड़नपुर गांव में फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने एक स्कूटी सवार को रौंद दिया जिससे स्कूटी चालक देवेन्द्र सिंह की मौत हो गई और उनकी दो बेटियां जिन्हें स्कूल से घर ले जा रहा था, घायल हो गई हैं। इन घायलों को उधर से गुजर रहे सांसद संगम लाल गुप्ता के काफिले ने रोककर घायलों को मेडिकल कालेज के अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज किया जा रहा है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेज दिया है। इस दर्दनाक घटना से पूरे घर और आसपास मातम छाया हुआ है।

# नागेशदत्त पब्लिक स्कूल व आइन्सटीन पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने लहराया सफलता का परचम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीबीएसई हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट के परीक्षा परिणाम में मेधावियों ने सफलता का शानदार परचम लहराया है। लालगंज के पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट परीक्षा में शत प्रतिशत छात्रों के उत्तीर्ण होने को लेकर खुशी का माहौल दिखा। हाईस्कूल में सिद्धार्थ सिंह ने सत्तान्वे प्रतिशत तथा इण्टरमीडिएट में सारा शुक्ला ने 93.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल में अयांश सिंह 94.8 प्रतिशत, विशाल प्रताप सिंह 94 प्रतिशत, ओम मिश्र 93.2 प्रतिशत, महक सिंह 92 प्रतिशत, प्रखर केसरवानी 91.6 प्रतिशत, मयंक त्रिपाठी 91.4 प्रतिशत, सेजल मिश्रा 90.8 प्रतिशत, सृष्टि सिंह 90.6 प्रतिशत, लक्ष्य मिश्र 90.4 प्रतिशत, संस्कार तिवारी नब्बे प्रतिशत अंक हासिल किया। वहीं इण्टर मीडिएट में श्रद्धा मिश्रा 92.8 प्रतिशत, वर्तिका गुप्ता 91.6 प्रतिशत, सौम्या शुक्ला 90.6 प्रतिशत, प्रगति मिश्रा 84.4 प्रतिशत, शमिष्ठा त्रिपाठी 87.6 प्रतिशत, श्रेयांश सिंह 87.2, अविरल त्रिपाठी 86.8 व श्रद्धा सिंह 86.4 तथा हरिओम शुक्ल ने 86 प्रतिशत अंको मे परीक्षा उत्तीर्ण की है। सफल मेधावियों को पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल की प्रबंधक सुनीता, संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र, संस्थापक रमेशचंद्र मिश्र, रीमा मिश्रा, गौरव मिश्रा ने विद्यालय का नाम रोशन करने पर सराहा है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने बेहतर परीक्षा परिणाम मिलने पर मेधावियों का मुंह मीठा कराकर उपलब्धि पर खुशी साझा की। इधर लालगंज के आइन्सटीन पब्लिक स्कूल में भी छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया है। इण्टरमीडिएट में छात्र अनुराज प्रताप पटेल ने पन्चान्वें प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा अभिनव पाण्डेय 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। मो. तौहीर 92.2 प्रतिशत तथा शाल्वी सिंह 91.2 प्रतिशत, स्वेच्छा ओझा 90.5 प्रतिशत, कशिश जायसवाल 90.2 तथा सलोनी जायसवाल 90 प्रतिशत, हेमन्तराज 89.6 प्रतिशत, कुनाल सिंह 89.1 प्रतिशत, हर्ष गुप्ता 88 प्रतिशत, अंशिका सिंह 87.8 प्रतिशत, आदित्य मिश्र 87.4 प्रतिशत, ऋषभ शुक्ला 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। हाईस्कूल की परीक्षा में श्रेया मौर्या 97.8 प्रतिशत, शिवा शुक्ला 97 प्रतिशत, बुसरा हयात 95 प्रतिशत, असद अंसारी 94.8 प्रतिशत, आदित्यराज मिश्र 94.6 प्रतिशत, अभिनव वैश्य 94.4 प्रतिशत, गरिमा सिंह 94.4 प्रतिशत, आदित्य तिवारी 94.4 प्रतिशत, अर्थव प्रताप सिंह 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता अपने नाम की है। वहीं छियालिस बच्चों ने नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय के नाम कीर्तिमान कायम किया है। मेधावियों की सफलता पर निदेशिका श्रुति शुक्ला, संरक्षक विभवभूषण शुक्ल, प्रधानाचार्य मनोज ओझा ने सफल मेधावियों का मुंह मीठा कराकर उनकी हौंसला आफजाई की।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा उदयन सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत प्रत्येक मतदेय स्थल पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियां के साथ बैठक की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से अब तक की गई कार्यवाही/तैयारी की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त छाया, पीने का पानी व बुजुर्ग/महिलाओं/दिव्यांग मतदाताओं के बैठने के लिए कुर्सी/बेंच की व्यवस्था एवं मेडिकल किट आदि व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को मतदान केन्द्रों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को शेष रह गये मतदान केन्द्रों पर भी 16 मई 2024 तक विद्युत की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने ई0ओ0 मंझनपुर को पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल मण्डी, ओसा में पानी के टैंकर एवं मोबाइल टॉयलेट रखवाने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को मतदान केन्द्रवार स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने तथा ड्यूटी पर लगाये गये स्वास्थ्य कर्मियों का फार्म भरवाकर इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट प्राप्त करवाने के निर्देश दियें ताकि स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी वाले मतदान केन्द्र पर अपना मतदान कर सकें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को सेल्फी प्वाइंट बनाने एवं वेब कास्टिंग के सम्बन्ध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं जिला पंचायतराज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी सहित सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं ई0ओ0 उपस्थित रहे।

# फतेहपुर जा रहे एडीजी अचानक निरीक्षण करने पहुंच गए सैनी कोतवाली

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** एडीजी प्रयागराज भानू भास्कर ने सोमवार को सैनी कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेख का निरीक्षण किया और कानून व्यवस्था को लेकर मातहतों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने महिलाओं से जुड़े मामलों पर विशेष नजर रखने को कहा। एडीजी प्रयागराज भानू भास्कर सोमवार को फतेहपुर जा रहे थे। रास्ते में वह अचानक सैनी कोतवाली का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। सैनी कोतवाली पहुंचते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। एडीजी ने सबसे पहले महिला हेल्प डेस्क पर पहुंचकर दर्ज किए गए मामलों और उनमें अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। इस दौरान एडीजी ने कहा कि महिलाओं से संबंधित अपराधों के मामले में महिला के थाने आने पर उनकी बात को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उचित निस्तारण कराया जाना चाहिये। महिलाओं के मामले में किसी भी प्रकार की शिकायत उन तक नहीं आनी चाहिए। उन्होंने अभिलेखों का मुआयना किया और अभिलेखों के सही रखरखाव के निर्देश दिये। तत्पश्चात एडीजी ने बैरक, बंदी गृह, भोजनालय सहित पुरानी इमारतों में साफ-सफाई आदि का जायजा लेते हुये थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा, सैनी कोतवाल जयचंद्र शर्मा सहित थाने के सभी एसआई व सिपाही मौजूद रहे।

# केपीएस भरवारी एवं भीटी में स्कॉलरशिप पाकर चहक उठे छात्रों के चेहरे




**कौशाम्बी।** शिक्षा और प्रोत्साहन के माध्यम के रूप में स्कॉलरशिप एक महत्वपूर्ण उपाय है जो छात्रों को प्रोत्साहित करता है अध्ययन में प्रगति करने के लिए। हाल ही में, केपीएस भरवारी एवम भीटी स्कूल छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए एक अनोखी स्कीम शुरू की है, जिसमें 10वीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन की ओर से स्कॉलरशिप प्रदान की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत , जो छात्र 10वीं कक्षा में 90% से ऊपर अंक प्राप्त करते हैं, उन्हें 11वीं कक्षा में 50% और 95% से ऊपर प्राप्त करने पर 100% स्कॉलरशिप(फीस माफ) रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन की तरफ से प्रदान की जाएगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पढ़ाई में प्रेरित करना है और उनके प्रदर्शन को प्रोत्साहित करना है। इस योजना के परिणामस्वरूप, लगभग 25 छात्रों ने इस स्कॉलरशिप का लाभ उठाया है। यह स्कीम न केवल छात्रों के अध्ययन में उत्साह और संवेदनशीलता भरती है, बल्कि उन्हें उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित भी करती है। इससे न केवल छात्रों के विकास में मदद मिलती है, बल्कि समाज के लिए भी एक सकारात्मक संदेश प्रस्तुत किया जाता है। यह स्कीम शिक्षा के क्षेत्र में नई राह दशार्ती है और छात्रों को उनकी प्रतिभा का सम्मान और समर्थन प्रदान करती है। हमारे चेयरमैन श्रीमान संजय गुप्ता जी ने कहा कि मैं उन सभी छात्रों को बधाई देता हूं जिन्होंने इस स्कॉलरशिप का लाभ उठाया है और उनकी मेहनत और परिश्रम की सराहना करता हूं। यह स्कूल के लिए गर्व की बात है कि हम अपने छात्रों के उत्कृष्टता को पहचानते हैं और उनकी प्रगति को समर्थन करते हैं। आशा है कि यह स्कीम हमारे छात्रों के भविष्य के लिए और भी उत्तेजित करेगी। संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने भी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी और उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।

## सवारियों को लेकर आपस में भिड़े टेंपो चालक जमकर हुई मारपीट

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे के हनुमान मंदिर चौराहे में टैक्सी चालक व ई रिक्शा चालकों मैं मंगलवार शाम 4:00 बजे सवारियां बैठाने को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है। आए दिन टैक्सी चालक सवारियों से जबरन बैठाने को लेकर कई किराया को लेकर आए दिन चौराहे पर मारपीट होना आम सी बात हो गई है। घटना को लेकर कस्बे में तरह-तरह की चचाएँ व्याप्त हैं।

## सीएम के कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान गिरकर बेहोश हो गए पीडब्लूडी एक्सियन

**कौशाम्बी।** जिले में पीडब्लूडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने के लिए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ 16 मई को मंझनपुर आ रहे हैं, जिसके लिए एडीजी और आईजी प्रयागराज जोन ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया है। सीएम योगी के कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान पीडब्लूडी विभाग के एक्सियन हरबंश अचानक गिरकर बेहोश हो गए। अधिकारियों ने एक्सियन को बेहोश होते देखा तो तुरंत उन्हें ले जाकर अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कल आएंगे कौशाम्बी

**कौशांबी।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य बुधवार के दिन कौशाम्बी आयेंगे। डिप्टी सीएम दोपहर 1.10 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा सैनी कृषि मैदान आएंगे। सैनी कृषि मैदान में ठऊअ गठबंधन के कौशाम्बी लोकसभा सीट से प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 2.15 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा सराय अकिल जाएंगे। सराय अकिल में ठऊअ गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में एक इंटर कालेज में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

# सांसद के पक्ष में वोट मांगने गई विधायक को मतदाताओं ने सुनाया खरी खोटी

## भाजपा सांसद द्वारा आयोजित पाल समाज की सभा में पहुँचे अनुसूचित जाति के लोगों से कहा कि यहां कोई जरूरत नहीं

अखंड भारत संदेश



**टेडीमोड कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर के समर्थन में वोट मांगने विधायक पूजा पाल गांव क्षेत्र में गई थी जहां मतदाताओं ने विधायक पूजा पाल को जमकर खरी खोटी सुनाई है पूजा पाल और उनके समर्थकों के साथ जनता की जमकर नोकझोक हुई है भाजपा सांसद के समर्थन में पहुंची विधायक पूजा पाल और उनके समर्थक मायूस होकर लौट आए वर्तमान सपा विधायक चायल पूजा पाल अपने समर्थकों के साथ भाजपा सांसद प्रत्याशी विनोद सोनकर के समर्थन में प्रचार प्रसार करने गांव क्षेत्र गयी थी दो बार के सांसद तीसरी बार लोकसभा कौशांबी भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के पक्ष में वोट मांगने के लिए पूजा पाल पल्टीपुर पहुंची पत्रकार को कवरेज करने से मना किया गया गुलाब पाल प्रधान करनपुर भी साथ में गए थे जो कि भाजपा के पक्ष में वोट मांगने के लिए वहां ग्रामीणों के साथ गुंडई करते हुए नजर आए इस पर नाराज ग्रामीणों ने जमकर खरी खोटी सुनाई। गुलाब पाल प्रधान ने कहा कि यह पाल समाज की सभा है इसमें अनुसूचित जाति की कोई जरूरत नहीं है इस पर ग्रामीण नाराज हो गए जिस पर जनता की खूब कहा सुनी हुई ग्राम प्रधान मतदाताओं से गुंडई करते नजर आए जिसका सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है एक बार फिर जमकर छीछालेदर हुई है।

# 14 वर्ष के पुत्र और 10 वर्ष की पुत्री को छोड़कर 22 वर्ष के भांजे के साथ फरार हुई कामांध महिला

**अझुवा कौशांबी।** इश्क भी अजीब चीज है ना तो यह जात-पात देखता है और ना ही रिश्ते कई बार तो इस तरह के प्यार को लोग अंधा प्रेम भी कहते हैं ऐसा ही एक मामला सैनी कोतवाली क्षेत्र का सामने आया है यहां एक अधेड़ उम्र (42 वर्ष) की महिला ने अपने से आधे उम्र (22) रिश्ते के भांजे के इश्क में पागल हो गई यहां तक की दोनों भाग कर पति-पत्नी की तरह रहने लगते हैं लेकिन बेचारा पति अपने बच्चों की खातिर महिला को ढूंढने की फरियाद सैनी कोतवाली पुलिस से करता है। पूरा मामला जानते हैं सिराथू तहसील के एक गांव की रहने वाली महिला अपने भांजे से इश्क कर बैठती है दोनों एक दूसरे के प्यार में इतना पागल हो जाते हैं कि भांजा अपनी मामी को लेकर फरार हो जाता है जब कई दिनों तक घर नहीं आता तो अधेड़ महिला का पति सैनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाता है तहरीर देते हुए बताता है कि उसकी शादी 21 वर्ष पहले फतेहपुर जनपद के गांव में हुई थी महिला के मौजूदा समय 14 वर्ष का पुत्र एवं 10 वर्ष की पुत्री है 6 माह पहले किसी काम के सिलसिले में महिला के पति ने अपनी बहन के ससुराल से एक बेरोजगार युवा को अपने घर लाता है और अपने घर के काम में लगा लेता है 6 महीना बीतते ही महिला का नवयुवक श्री राम पाल से मधुर सम्बन्ध हो जाता है और महिला को 20 हजार नकदी सोने चांदी के लाखो रुपए के जेवरात सहित भगा ले गया पथरावा चौकी निवासी अधेड़ अपनी पत्नी और प्रेमी के खिलाफ तहरीर देकर बताया श्री राम पाल अपराधी किस्म का युवक है उसके साथ और उसकी पत्नी के साथ कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है ।अधेड़ फफक फफक कर रोते हुए अपनी पत्नी को बरामद करने को पुलिस से गुहार लगा रहा है।

# मृतक पत्रकार के परिजनों को 50 लाख के मुआवजा की मांग

## जौनपुर के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की गोलीमार कर हत्या कर दिया

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जौनपुर में पत्रकार की गोलीमार कर हत्या कर दिया गया। प्रतापगढ में दो पत्रकारें के साथ मारपीट हुई, इन घटनाओ को लेकर मंगलवार को न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष के नेतृत्व में जिले भर के पत्रकार जनपद मुख्यालय में एकत्रित हुए, और राज्यपाल से सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, पत्रकारों ने मांग किया कि मृतक पत्रकार के परिजनों को पचास लाख का मुआवजा व उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाय। मारपीट में घायल पत्रकारों को पांच-पांच लाख का मुआवजा दिया जाय। पत्रकार की हत्या करने व मारपीट करने वालों को गिरफ्तार कर काररवाई किया जाय। दिए गये ज्ञापन में चेतावनी दिया गया कि उनकी मांगों को अगर पूरा नहीं किया गया तो पत्रकार अनिश्चित कालीन धरना देने को बाध्य होगे। प्रतापगढ के पत्रकार राघव द्विवेदी व बसंत सिंह के साथ मारपीट हुई, जौनपुर के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की गोलीमार कर हत्या कर दिया गया। पत्रकारों के साथ हुई घटना को लेकर मंगलवार को न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष बिमलेश शुक्ल के नेतृत्व में जिले भर के पत्रकार एकत्रित हुए, और राज्यपाल से सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी राकेश कुमार राय को सौंपा। दिए गये ज्ञापन में मांग किया गया कि जौनपुर में पत्रकार की हत्या करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाय, और मृतक के परिजनों को पचास लाख रूपया मुआवजा तथा एक सरकारी नौकरी दिया जाय। प्रतापगढ में पत्रकारो को मारपीट कर घायल कर दिया गया, जिसको पांच लाख रूपया का मुआवजा दिया जाय। दिए गये ज्ञापन में मांग किया गया कि पत्रकार सुरक्षा कानून लगाया जाय, जिससे पत्रकारों की सुरक्षा हो सके। इस दौरान न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष बिमलेश शुक्ल ने कहा कि पत्रकार की हत्या करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया जाय, और पत्रकारों की मांग को पूरा किया जाय, अगर पत्रकारों की मांग को पूरा नहीं किया गया तो जिले भर के पत्रकार अनिश्चित कालीन धरना देने को बाध्य होगे। इसके पश्चात पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रख कर मृतक पत्रकार की आत्मा की शांति के लिए शोकसभा का आयोजन किए। इस दौरान संगठन के उपाध्यक्ष सतीश नामदेव, पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, नीरज सिंह, अभिसार भारतीय, संजय मिश्र, राकेश केशरी, बंशीलाल, अमित शुक्ल,ध्यान सिंह, शैफ, शैलेन्द्र द्विवेदी, अशोक केसरवानी,अलोक यादव वीपी यादव, जरीना सिद्दीकी, पैष्ठज, गुलाम वारिस सहित जिले भर के पत्रकार मौजूद रहे।

# कौशाम्बी लोकसभा सीट पर किसी भी पार्टी का समर्थन नहीं करेंगे राजा भैया

## कुंडा विधायक राजा भैया संगठन की बैठक में लिए निर्णय

**कौशाम्बी।** लोकसभा सीट पर कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया किसी भी पार्टी का समर्थन नहीं करेंगे। मंगलवार के दिन बुलाई गई संगठन की बैठक में राजा भैया ने निर्णय लिया। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकताओं को स्वतंत्र होकर अपने विवेक से मतदान करने की बात कही है। कौशाम्बी लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधान सभा क्षेत्र चायल, सिराथू, मंझनपुर विधानसभा के अलावा प्रतापगढ़ जनपद में बाबागंज और कुंडा विधानसभा भी शामिल है। कौशाम्बी जनपद की तीन विधानसभाओं के साथ - साथ पार्टी प्रत्याशियों को कुंडा और बाबागंज के मतदाताओं की भी आवश्यकता होती है, जिसकी चाभी कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के पास होती है। भाजपा और सपा के प्रत्याशी और उनकी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के लोग इस मामले में राजा भैया से मुलाकात कर चुके हैं, लेकिन कोई बात नही बन पाई है। राजा भैया ने अपनी पार्टी जनसत्तादल के कार्यकर्ताओ के साथ एक बैठक की है। बैठक में राजा भैया ने कौशाम्बी लोकसभा पर किसी भी पार्टी एवं प्रत्यासी का समर्थन करने से साफ इनकार कर दिए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाता अपने विवेक से मतदान अवश्य करें और नोटा की बटन का प्रयोग ना करें। राजा भैया द्वारा किसी पार्टी का समर्थन ना करने के ऐलान के बाद कौशाम्बी लोकसभा सीट का राजनीतिक समीकरण बदल गया है। कयास लगाया जा रहा था कि यदि राजा भैया भाजपा प्रत्याशी को समर्थन दे देते है तो भाजपा यह सीट बड़े अंतर से जीत लेती लेकिन राजा भैया के समर्थन देनें से इनकार किए जाने के बाद अब कौशाम्बी के राजनीतिक समीकरण में उथल पुथल मच गई है।

# हादसे का गढ़ बनता जा रहा काजीपुर बाजार सड़क पर लगती है ठेलिया और दुकान

## एक महीने के अंदर बाजार में दुर्घटना के दौरान कई लोगों की मौत हो चुकी है कई लोग गंभीर घायल हुए हैं

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय राजमार्ग का काजीपुर बाजार दुर्घटना का गढ़ बनता जा रहा है काजीपुर बाजार में सड़क पर ठेलिया और दुकान लगाई जाती है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है आंकड़ों पर गौर करें तो प्रत्येक वर्ष कई दर्जन दुर्घटनाएं अकेले काजीपुर बाजार में होती है जिससे तमाम लोगों का परिवार उजड़ जाता है लेकिन सड़क पर दुकान का सामान रखने वाले दुकानदारों और खाने पीने के सामान की ठेलिया सड़क पर खड़ी करके समान बेचने वालों पर संदीपन घाट थाना पुलिस लगाम नहीं लगा पा रही है जिससे काजीपुर बाजार में दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं डामर सड़क के किनारे तक दुकान और ठेलिया लगाने वालों के हौसले इतने बुलंद है कि वह नाला को पार करके सड़क की पटरी को पार करते हुए डामर सड़क के किनारे तक दुकान का सामान रख देते हैं ठेलिया खड़ी कर दी जाती है और जब मर्जी हुई तो ठेलिया का सामान बिक्री करने के बाद अचानक ठेलिया सड़क पर आगे बढ़ा दी जाती है जिससे सड़क पर निकलने वाले वाहन स्थिति को नहीं समझ पाते और दुर्घटना हो जाती है एक महीने के अंदर बाजार में दुर्घटना के दौरान कई लोगों की मौत हो चुकी है कई लोग गंभीर घायल हुए हैं काजीपुर बाजार में सड़क पर विक्रम टेंपो खड़ी कर सवारियां भरी जाती है जिससे भी दुर्घटनाएं बढ़ती है लेकिन सड़क पर सवारी चढ़ाने और उतारने पर थाना पुलिस रोक नहीं लगा रही है यातायात पुलिस भी सड़क पर सवारी भरने और उतराने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही नहीं कर रही है जबकि यातायात नियमों में सड़क पर वाहन खड़ा करना अपराध है।

## किसान सम्मान निधि के नाम पर हो रही लगातार लूट

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के कृषि विभाग ब्लॉक सिराथू क्षेत्र में रवीन्द्र नाम का संविदा कर्मी का आडियो वायरल हुआ है जिसमें रवीन्द्र के द्वारा सिराथू ब्लॉक के एक किसान से किसान सम्मान निधि की किश्त लगवाने के लिए खुलेआम अधिकारी व बाबू के नाम पर 500 रुपए की मांग कर रहा है। इस आडियो के वायरल होने से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि कृषि विभाग के कर्मचारी किस तरह से किसान से किसान सम्मान निधि के नाम पर खुलेआम घूस मांग कर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। क्षेत्र में कई लोगों ने इसके बारे में शिकायत भी किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई मनमानी तरीके से वसूली कर रहा है।

# गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में कसेंदा गांव में बैठक

**कौशाम्बी।** जिले के कसेंदा गांव में इंडिया गठबंधन की एक बैठक गठबंधन के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के लिए संपन्न हुई , कार्यक्रम का आयोजक चायल विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी एवं कौशांबी कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष तलत अजीम ने किया बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस ने कहा की जनता पूरी तरह से मन बना चुकी है कि इंडिया गठबंधन को भारी से भारी मतों से जीत दिलाना है तथा झूठ बोलकर सत्ता में आए लोगों को यहां से भगाना है। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के साथ है तथा गठबंधन धर्म का पालन करते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के पक्ष में वोट करेगा तथा कराएगा पूर्व विधायक चायल विजय प्रकाश ने कहा की इंडिया गठबंधन पूरे प्रदेश व देश में ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी जीतेंगे तथा 2024 में इस बार राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे , बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक समाजवादी पार्टी हाजी परवेज ने कहा की जनता पूरी तरह से मन बना चुकी है इस बार निश्चित तौर पर पुष्पेंद्र सरोज भारी संख्या में जीतेंगे , मीटिंग में उपस्थित भारी जनसमूह से गदगद इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने अपील की ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोटिंग करें तथा मुझे भारी मतों से विजई बनाकर लोकसभा में भेजें , बैठक को अन्य कई नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेसी नेता राज नारायण पासी ने किया बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे , पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के आयोजक तलत अजीम , पूर्व विधायक चायल विजय प्रकाश , पूर्व विधायक समाजवादी हाजी परवेज , कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम बहादुर त्रिपाठी , चंद्रजीत यादव , आस्था पटेल , अनिल यादव , मेवालाल , राम सजीवन भारतीय , संतोष कुमार , अर्शी जाफरी सुखलाल यादव प्रधान , सनी , जितेन सरोज व शिवलाल; आदिल जाफरी लवकुश ,सुशील ,कामरान अजीम ,शारिक मोहम्मद ,फरमान , मानसिंह कनौजिया , सैफी अजीम ,मैहर लाल , मोहम्मद इमरान ,श्रवण यादव , रणजीत सिंह , तिलक ,सुमित राठौर ,मजहर लाइक , मो0 अख्तर , शिव भवन , अज्जू ,मोहम्मद आरिफ ,भल्ला पासी , इमरान इसरार अहमद , नूरतजमा , शाहरुख आदि सैकड़ो की संख्या में इंडिया गठबंधन , समाजवादी, कांग्रेस व आम आदि शामिल रहे।

# नेवादा विकासखंड क्षेत्र में हर महीने काटे जा रहे हैं सैकड़ो हरे फलदार पेड़

## प्रतिदिन सुबह आधा दर्जन मजदूरों के साथ पेट्रोलियम आरा मशीन लेकर लकड़ी माफिया हरे पेड़ के कटान में गांव क्षेत्र में लग जाते है



**नेवादा कौशाम्बी।** सरकार एक तरफ बृहद पौधा रोपण कर धरती को हरा भरा करने में लगी है दूसरी तरफ विभागीय अधिकारियों के साठगांठ से नेवादा विकासखंड क्षेत्र में प्रत्येक महीने लकड़ी माफिया द्वारा सैकड़ो हरे फलदार पेड़ काटे जा रहे हैं वन विभाग के अधिकारियों को तनिक भी उच्च अधिकारियों का भय नहीं रह गया है क्षेत्र में लगातार हरे पेड़ के कटान से धरती वीरान होती जा रही है प्रतिदिन सुबह आधा दर्जन मजदूरों के साथ पेट्रोलियम आरा मशीन लेकर लकड़ी माफिया हरे पेड़ के कटान में गांव क्षेत्र में निकल जाते हैं और दोपहर तक कई हरे पेड़ को काट करके लकड़ी माफिया पिकअप वाहन में लकड़ी लादकर आरा मशीन पहुंचा देते हैं ना इन्हें पेड़ काटने के परमिट की जरूरत है और ना लकड़ी ढुलाई के लिए इन्हें ट्रांजिट परमिट की जरूरत पड़ती है मजदूरों के साथ लकड़ी माफिया भी बेखौफ हैं सूत्रों की माने तो प्रत्येक महीने इलाके में सैकड़ो हरे फलदार पेड़ काटे जा रहे हैं इलाके में एक सप्ताह पहले नीम के विशाल हरे पेड़ को बड़े आसानी से कटवा कर लकड़ी माफियाओं ने गायब कर दिया हैं। चायल तहसील के नेवादा ब्लॉक मे नियुक्त किये गये वन विभाग के अधिकारी कभी नेवादा ब्लॉक के आफिस मे नही आते है चपरासी के भरोसे वन विभाग का आफिस चल रहा है वन विभाग के अधिकारी ने चपरासी को अवैध रुप से पेड़ कटवाने की पूरी छूट दे दिया है जिससे चपरासी इन माफियाओं के संपर्क में है विभाग के लोगों ने लकड़ी माफियाओं से ले देकर हरे नीम के पेड़ को फिर कटवा दिया है अभी कुछ दिन पहले लोधउर स्वास्थ्य केन्द्र के आस पास दो हरे नीम के पेड़ काट दिये गये जिसकी शिकायत हुई लेकिन लकड़ी माफियाओं पर कार्यवाही नहीं हुई है क्षेत्र में हरे पेड़ के कटान पर रोक लगाए जाने की मांग इलाके के लोगों ने अधिकारियों से की है।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, बुधवार
15.05.2024



## संपादक की कलम से

### केजरीवाल ने बहुत ही बिगाड़ दी भाजपा की रणनीति

अदालत की निगरानी में प्रतिबंध लगाने का आदेश लागू है और केजरीवाल को इस अंतर का ध्यान रखना होगा कि वह क्या बोल सकते हैं और क्या नहीं? संभावनाएं प्रबल हैं कि आप संयोजक दिल्ली के मुख्यमंत्री की ओर से नियम तोड़ेंगे, इससे पहले कि 25 मई को दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद से यह और भी स्पष्ट है कि आम आदमी पार्टी के यह संयोजक राजनीतिक रूप से कोई 'आम आदमी' नहीं बल्कि 'खास आदमी' हैं, जैसा कि तिहाड़ जेल में बंद दोनों आप नेता पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और दिल्ली के पूर्व जेल मंत्री सत्येन्द्र जैन। भाजपा को केन्द्र की सत्ता से बाहर करने की इंडिया गठबंधन की योजना के लिए आप संयोजक बहुत ही महत्वपूर्ण शख्सियत हैं। अरविंद केजरीवाल की पात्रता और 'खास आदमी' की स्थिति की पुष्टि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने की थी,जिसे आप संयोजक को 21 दिनों के लिए 'अंतरिम जमानत' देने के लिए आलोचना का सामना कर रहा है। आम चुनाव में प्रचार के लिए आप संयोजक को जमानत दे दी गई है। अरविंद केजरीवाल आप के स्टार प्रचारक हैं, हालांक उन्हें बढ़चढ़कर अजीबोगरीब चुनावी वायदे करने के लिए जाना जाता है, और साथ में राजनीतिक अराजकता पैदा करने के लिए भी। अपनी कार्यशैली के अनुरूप ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अंतरिम जमानत पर रिहा होने के बाद मैदान में उतरे। आप कार्यकताओं को 11 मई को कनॉट प्लेस हनुमान मंदिर में इका होना था। यह ज्ञात है कि आप संयोजक अक्सर राजनीतिक लाभ के लिए भगवान हनुमान का नाम लेते हैं। लोग यह भी भूल जाते हैं कि केजरीवाल 'बहुत चतुर राजनेताओं' की सूची में हैं और राजनीतिक विरोधी उन्हें 'चालाक' के रूप में उच्च दर्जा देते हैं। तिहाड़ से बाहर निकलते हुए ही केजरीवाल ने मतदाताओं से 'भारत को तानाशाही से बचाने' का आग्रह किया। यह और बात है कि मीडिया अक्सर केजरीवाल को तानाशाह समझने की भूल कर बैठता है। जिन पत्रकारों ने केजरीवाल को नीचा दिखाया, उन्होंने इसकी कीमत चुकाई है और इसमें एक युवा महिला पत्रकार भी शामिल है, जिसने केजरीवाल के 'शीश महल' पर स्टोरी ब्रेक की थी। उसने सलाखों के पीछे समय बिताया और उसके मीडिया मित्रों ने 'कष्टप्रद अनुभव' पर रिपोर्ट की। केजरीवाल में एक क्रूर प्रवृत्ति भी है जिसे कोई भी केवल अपने जोखिम पर ही नजरअंदाज कर सकता है। केजरीवाल का जेल प्रवास 2 जून को फिर से शुरू होगा। इसका मतलब है कि जब 4 जून को 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे आयेंगे तो दिल्ली का यह ताकतवर नेता सलाखों के पीछे होगा। केजरीवाल की जेल कोठरी की दीवार पर एक टीवी सेट है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल इंडिया गठबंधन की जीत के लिए प्रार्थना कर रही होंगी। केजरीवाल गठबंधन के शीर्ष नेता हैं और दो राज्य उनकी सीधी कमान और प्रभाव में हैं। केजरीवाल की पार्टी अक्सर डींगें हांकती रहती है कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी एक आदमी से डरते हैं तो वह हैं 'सच्चे अरविंद केजरीवाल'। उस मामले में, सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय सीधे तौर पर मोदी के साथ प्रतिस्पर्धा में है, जो शीर्ष अदालत पर डर के कारण 'खास आदमी' पर नरम रुख अपनाने का आरोप लगा रहे हैं। दुर्भाग्य से, सर्वोच्च न्यायालय को अपने निष्पक्षता के ऊपर इस थोपे हुए आरोप के साथ रहना होगा। हालांकि, लोगों को पता होगा कि जहां दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत की शर्तों के साथ दंडित किया गया है, वहीं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को 21 दिनों के लिए जेल से बाहर रखा गया है। वहां एक अंतर है। अगर और जब ईडी की चार्जशीट में आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया जायेगा, तभी केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक के रूप में दोगुना नुकसान होगा। तब तक कोई भी केजरीवाल को मिलने वाली सांत्वना से नाराज नहीं हो सकता। ऐसा पूछा जा रहा है कि क्या केजरीवाल के इस दावे में दम है कि उनकी गिरफ्तारी उन्हें 2024 के आम चुनावों से बाहर रखने के लिए की गई थी? शीर्ष अदालत की अंतरिम जमानत में 'हां' लिखा है। अरविंद केजरीवाल कोई मामूली प्रचारक नहीं हैं और वह राजनीतिक रूप से सभी सही कदम उठाते हैं। अंतरिम जमानत पर रिहा होने के बाद उनके पहले शब्द थे, 'हमें इस देश को तानाशाही से बचाना है और मैं इसके खिलाफ अपनी पूरी ताकत से लड़ रहा हूं।' भारत भर में राष्ट्रीय मीडिया और समर्थकों ने इसे हाथोंहाथ लिया। भाजपा को कतई उम्मीद नहीं थी कि अरविंद केजरीवाल 21 दिन के लिए चुनाव मैदान में आ धमकेंगे। केजरीवाल के सौजन्य से, 'तानाशाही को हराना है' इंडिया गठबंधन का नवीनतम नारा है। फिर13 मई को होने वाले चौथे चरण के मतदान के साथ, केजरीवाल अंतरिम जमानत पर हैं। आप संयोजक जगह-जगह जा रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपरीत, वह सवालों के जवाब देने से नहीं डरते।लेकिन अदालत की निगरानी में प्रतिबंध लगाने का आदेश लागू है और केजरीवाल को इस अंतर का ध्यान रखना होगा कि वह क्या बोल सकते हैं और क्या नहीं? संभावनाएं प्रबल हैं कि आप संयोजक दिल्ली के मुख्यमंत्री की ओर से नियम तोड़ेंगे, इससे पहले कि 25 मई को दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो। 2014 और 2019 में भाजपा ने दिल्ली की सभी 7 लोकसभा सीटों पर कब्जा कर लिया था। इस बार अलग चुनावी नतीजा हो सकता है। इसलिए, केजरीवाल का डर खुला है। अगर आप दिल्ली की आधी सीटें भी जीत जाती है, तो यह प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक बड़ी हार होगी, जिनकी '400 पार' ने उनकी नसों पर बोझ डालना शुरू कर दिया है। इतना कि दबंग भारतीय जनता पार्टी के लिए यह सजा सहना बहुत भारी हो गया है। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, जो खुद जमानत पर हैं, ने कहा, 'सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत है। तानाशाही खत्म होगी। सत्यमेव जयते।' 'यह नियमित जमानत नहीं है। यह एक अंतरिम जमानत है। वह प्रचार कर सकते हैं लेकिन जब भी वह प्रचार करने जायेंगे, लोगों को उत्पाद शुल्क स्कैम की याद भी दिला जायेंगे,' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार किया।

## मैं निष्पक्ष हूँ

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

एक बार की बात है, एक छोटे से गाँव में जहां शांति और सामाजिक उतार-चढ़ाव का खाता जोर-शोर से चल रहा था, वहां रहने वाले लोगों के जीवन में एक नया चमत्कारिक तत्व आया। यह चमत्कारिक तत्व था - सांप। हां, आपने सही सुना। गाँव में एक सांप ने अपना आवास बनाया और उसके आने से गाँव का माहौल ही बदल गया।

इस सांप की खबर सुनकर, गाँव के लोगों में अनेक सवाल उठे। "इतनी भीड़-भाड़ वाली जगह में साँप क्यों आया?" "क्या यह सांप वाकई यहाँ रहना चाहता है या कुछ और करने आया है?" "यहाँ कैसे आया?" और बहुत कुछ। लेकिन जवाब कहीं नहीं मिला।

एक दिन, एक नया शहरी आया जिसका नाम था श्रीकांत। वह गाँव में अपने खाली समय के लिए आया था, और उसने सांप के बारे में सुना था। उसने सोचा, "यह कैसा अजीब महौल है जहां लोग सांप के साथ रहने में आनंद ले रहे हैं।" उसने तुरंत जानने की इच्छा व्यक्त की और सांप के पास पहुँचा।

सांप को देखकर श्रीकांत ने हंसते हुए पूछा, "तुम यहाँ कैसे? सांप ने आराम से उत्तर दिया, "क्या, सांप को कभी कभार यहाँ आने का हक नहीं है?"

श्रीकांत को थोड़ी हैरानी हुई, "तुम्हें यहाँ रहना कैसे पसंद आया?"

सांप ने मुस्कुराते हुए बताया, "हाँ, यहाँ का मौसम तो बिलकुल बढ़िया है।"

श्रीकांत ने आश्चर्य से पूछा, "क्या तुम सांप ही हो या फिर कोई और?"

सांप ने खुशी से कहा, "मैं सांप लिमिटेड कंपनी का मालिक हूँ, और मैं राजनेताओं की सहायता के लिए यहाँ आया हूँ।"

श्रीकांत को हंसी आई, "क्या, राजनेताओं की सहायता?"

सांप ने मुस्कुराते हुए कहा, "हाँ, हम उनकी रैलियों में विष उगलते हैं।"

श्रीकांत ने हंसते हुए कहा, "तो किस पार्टी के लिए?"

सांप ने अदाकारी से जवाब दिया, "हम निष्पक्ष हैं। हमारा विष सभी के लिए है, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो।"

श्रीकांत की हँसी रुकने का नाम नहीं ले रही थी। उसने कहा, "यहाँ का माहौल ही कुछ अलग है।"

सांप ने बड़ी समर्पण भावना से कहा, "हाँ, यहाँ का माहौल अलग है, लेकिन हमें अपने काम पर विश्वास है।"

श्रीकांत ने समझा कि यह सांप भले ही छोटा हो, लेकिन उसके दिल में बड़े ख्वाब हैं। और उसकी यह कहानी उसके मन में एक नयी आशा का उद्घाटन कर गई।

गाँव के लोगों ने भी सांप की सच्चाई को समझ लिया और उसे एक मित्र के रूप में स्वागत किया। इससे गाँव में बहुत सारी बातें आसानी से समझ आने लगी और लोगों के बीच एक नया बंधन सा बन गया।

इस तरह लोग साँप के साथ में रहने के आदी हो गए।

# पर्यावरण को स्वर्गमय बनाने की शुरूआत परिवार से हो

**-ललित गर्ग-**

परिवारों के महत्व और समाज में उनकी भूमिका का जश्न मनाने के लिए 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस एक वार्षिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने परिवारों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने, उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करने, एकजुटता के आदर्शों को बढ़ावा देने और दुनिया भर में पारिवारिक इकाइयों को मजबूत करने वाले प्रयासों को प्रदर्शित करने के लिए इसे 1994 में एक संकल्प के रूप में अपनाया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस की 30वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, जिसका थीम है परिवार और जलवायु परिवर्तन। इसका लक्ष्य परिवारों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें इन प्रभावों को कम करने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करना है। परिवार और सामुदायिक पहल शिक्षा, सूचना पहुंच, प्रशिक्षण और सामुदायिक भागीदारी प्रदान करके जलवायु परिवर्तन से पर्यावरण एवं जीवन पर पड़ रहे खतरों से सावधान करना एवं पर्यावरण को साफ-सुथरा बनाना है। 1983 में, आर्थिक और सामाजिक परिषद और सामाजिक विकास आयोग ने सिफारिश की कि संयुक्त राष्ट्र पारिवारिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करे। संयुक्त राष्ट्र ने माना कि बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाएँ दुनिया भर में पारिवारिक इकाइयों को प्रभावित कर रही हैं। इसलिए, 1993 में, इसने आधिकारिक तौर पर 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में घोषित किया।



स्पष्ट है कि किसी भी समाज का केंद्र परिवार ही होता है। परिवार ही हर उम्र के लोगों को सुकून पहुँचाता है। दरअसल सही अर्थों में परिवार वह संरचना है, जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन, सुख-दुःख की साझेदारी, सबमें सबके होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का अवकाश है, अनुशासना के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली में जीता है। वृद्धत्व जीए गये अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसे परिवार रूपी परिवेश में सुखी जीवन का स्रोत प्रवहमान रहता आया है। लेकिन आज इस परिवार की संरचना में आंच आयी हुई है। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ है। विश्वास संदेह में उतर रहा है। कोई किसी को सहने और समझने की कोशिश नहीं कर रहा है। इन स्थितियों पर नियंत्रण की दृष्टि विश्व परिवार दिवस मनाये जाने की प्रासंगिकता आज अधिक सामने आ रही है।

परिवार सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है। प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य रहा है या फिर है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। भारत की संस्कृति और सभ्यता कितने ही परिवर्तनों को स्वीकार करके अपने को परिष्कृत कर ले, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। परिवार बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। उसके स्वरूप में परिवर्तन आया और उसके मूल्यों में परिवर्तन हुआ लेकिन उसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि अनुभव करते हैं। बावजूद इसके क्यों परिवार बिखर रहे हैं, परिवार संस्था के अस्तित्व पर क्यों धुंधलके छा रहे हैं- इस तरह के प्रश्न समाधान चाहते हैं। भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने इसी समाधान के लिये हिन्दू विवाह परम्परा को बल देने की बात हाल ही में कही हैं। सच है कि आज संयुक्त परिवार बिखर रहे हैं। एकल परिवार भी तनाव में जी रहे हैं। बदलते परिवेश में पारिवारिक सौहार्द का ग्राफ नीचे गिर रहा है, जो एक गंभीर समस्या है। परिवार से पृथकता तक तो ठीक है, किंतु उसके मूल आधार स्नेह में भी खटास पड़ जाती है। स्नेह सूत्र से विच्छिन्न परिवार, फिर ह्यघरह्न के दिव्य भाव को नहीं जी पाता क्योंकि तब उसकी दशा ह्यपरिवार के सदस्यों की परस्पर अजनबी समूहह्न जैसी हो जाती है। समस्या आदिकाल से है, किंतु वह अब तक इसलिए है क्योंकि अधिकांश परिवारों ने समाधान के अति सरल उपायों पर विचार ही नहीं किया या फिर यों कहें कि अपनी रूढ़िवादिता की झोंक में विचार करना पसंद ही नहीं किया। मेरे विचार से, स्नेह, सम्मान और स्वतंत्रता की सूत्रत्रयी ही समाधान का मूल है। यदि तीनों का परस्पर अंतसंबंध समझकर उसे आचरण में उतार लें, तो घर को ह्यस्वर्गह्न बनते देर नहीं लगेगी। जब घर स्वर्ग बनने लगेंगे तो दुनिया, प्रकृति एवं पर्यावरण भी स्वर्गमय बन जायेंगे। दुनिया भर की धन दौलत व्यक्ति को वह सुकून नहीं दे सकती, जो स्नेह और सम्मान का मधुर भाव देता है।

इन्सान की पहचान उसके संस्कारों से बनती है। संस्कार उसके समूचे जीवन को व्याख्यायित करते हैं। संस्कार हमारी जीवनी शक्ति है, यह एक निरंतर जलने वाली ऐसी दीपशिखा है जो जीवन के अंधेरे मोड़ों पर भी प्रकाश की किरणें बिछा देती है। उच्च संस्कार ही मानव को महामानव बनाते हैं। सद्संस्कार उत्कृष्ट अमूल्य सम्पदा है जिसके आगे संसार की धन दौलत का कुछ भी मौल नहीं है। सद्संस्कार मनुष्य की अमूल्य धरोहर है, मनुष्य के पास यही एक ऐसा धन है जो व्यक्ति को इज्जत से जीना सिखाता है और यही सुखी परिवार का आधार है। वास्तव में बच्चे तो कच्चे घड़े के समान होते हैं उन्हें आप जैसे आकार में ढालेंगे वे उसी आकार में ढल जाएंगे। मां के उच्च संस्कार बच्चों के संस्कार निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सबसे पहले परिवार संस्कारवान बने, माता-पिता संस्कारवान बने, तभी बच्चे संस्कारवान चरित्रवान बनकर घर की, परिवार की प्रतिष्ठा को बढ़ा सकेंगे। अगर बच्चे सत्पथ से भटक जाएंगे तो उनका जीवन अंधकार के उस गहन गर्त में चला जाएगा जहां से पुनः निकलना बहुत मुश्किल हो जाएगा। प्रख्यात साहित्यकार जैनेन्द्रजी ने इतस्तत में कहा है,ह्लपरिवार मयार्दाओं से बनता है। परस्पर कर्त्तव्य होते हैं, अनुशासन होता है और उस नियत परम्परा में कुछ जनों की इकाई हित के आसपास जुटकर व्यूह में चलती है। उस इकाई के प्रति हर सदस्य अपना आत्मदान करता है, इज्जत खानदान की होती है। हर एक उससे लाभ लेता है और अपना त्याग देता हैह्व। आज की भोगवादी संस्कृति ने उपभोक्तावाद को जिस तरह से बढ़ावा दिया है उससे बाहरी चमक-दमक से ही आदमी को पहचाना जाता है। यह बड़ा भयानक है। उससे ही अपसांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है और ये ही स्थितियां पारिवारिक बिखराव का बड़ा कारण बन रही है। वही आदमी श्रेष्ठ है जो संस्कृति को शालीन बनाये। वही औरत शालीन है जो परिवार को इज्जतदार बनाये। परिवार इज्जतदार बनता है तभी सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है। उसी से कल्याणकारी मानव संस्कृति का निर्माण हो सकता है। भारत को आज सांस्कृतिक क्रांति का इंतजार है। यह कार्य सरकार तंत्र पर नहीं छोड़ा जा सकता है। सही शिक्षा और सही संस्कारों के निर्माण के द्वारा ही परिवार, समाज और राष्ट्र को वास्तविक अर्थों में स्वतंत्र बनाया जा सकता है इसी उद्देश्य को लेकर श्रद्धेय गणि राजेन्द्र विजयजी के मार्गदर्शन में सुखी परिवार अभियान चलाया जा रहा है। मेरी दृष्टि में इस अभियान के माध्यम से बदलते पारिवारिक परिवेश पर गंभीरता से चिन्तन-मनन हो रहा है और समय-समय पर पारिवारिक संरचना को सुदृढ़ बनाने के लिये प्रभावी प्रयत्न भी किये जा रहे हैं। हाल ही में गुजरात के बडोदरा एवं छोटा उदयपुर जिले के हजारों आदिवासी परिवारों में गणि राजेन्द्र विजयजी ने पारिवारिक सौहार्द का जो प्रशिक्षण दिया, उसके परिणाम भी सुखद रहे हैं। पारिवारिक सौहार्द के इस तरह के प्रयत्न हमारे परिवारों के लिये संजीवनी बन सकती है। इससे जहां हमारी परिवार परम्परा और संस्कृति को पुनः प्रतिष्ठापित किया जा सकेगा। वहां स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और स्वस्थ चिन्तन की पावन त्रिवेणी से स्नात होने का दुर्लभ अवसर भी प्राप्त हो सकेगा। जब परिवार वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र को आत्मसात करेंगे तभी जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्याओं से मुक्ति मिल सकेगी। व्यक्ति से परिवार, समाज, राष्ट्र एवं विश्व मानवता का उन्नयन एवं उत्थान संभव है।

**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# चुनावों के बीच बहस की मांग

18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव की प्रक्रिया आधी से अधिक पूरी हो चुकी है। सात में से चार चरणों के मतदान हो गए हैं अब केवल तीन चरण बाकी रह गए हैं। देश भर में राजनैतिक दलों की रैलियां और सभाएं हो रही हैं। टीवी और अखबारों में साक्षात्कारों का सिलसिला भी चल रहा है। लेकिन इन सबमें जनहित और देशहित के मुद्दों पर ठोस जवाब सामने नहीं आ रहे, बल्कि आरोप-प्रत्यारोप ही अधिक हो रहे हैं। मिसाल के लिए, अभी एक चैनल को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंदिरा गांधी के वक्त महंगाई सबसे अधिक थी और इसी में श्री मोदी ने पं.नेहरू के भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने देश में बढ़ती महंगाई के लिए द.कोरिया और उ.कोरिया की लड़ाई को जिम्मेदार बताया था, जबकि उसका प्रभाव यहां की अर्थव्यवस्था पर नहीं था। वह केवल बहाना ढूंढते थे।



10 साल सत्ता में रहने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी अब भी इंदिरा गांधी या नेहरूजी के वक्त के शासन की कमियां गिना रहे हैं, तो इसका सीधा अर्थ यही है कि वे अभी के मुद्दों पर बात नहीं करना चाहते। 10 सालों में एक भी खुली प्रेस कांफ्रेंस न करने वाले नरेन्द्र मोदी इस चुनाव के वक्त अलग-अलग मीडिया घरानों के पत्रकारों को साक्षात्कार तो दे रहे हैं, लेकिन उनमें भी मुद्दों पर बात नहीं हो रही, केवल कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर हमले हो रहे हैं। साक्षात्कार लेने वाले पत्रकार भी सत्ता के प्रायोजक की भूमिका में नजर आते हैं, क्योंकि उनके सवालों में कोई धार नहीं दिखाई देती, न ही जवाबों पर प्रतिप्रश्न किए जाते हैं। जो कुछ नरेन्द्र मोदी के मुंह से निकल गया, उसे अमृतवाणी की तरह दर्शकों के लिए परोस दिया जाता है। इस तरह की पत्रकारिता से मीडिया घरानों का भला हो सकता है, देश का नहीं।

इस निराशाजनक स्थिति के बीच देश के दो पूर्व न्यायाधीशों और एक वरिष्ठ पत्रकार ने प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी को सीधी बहस करने के लिए चिी लिखी है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मदन बी लोकुर, दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एपी शाह, और वरिष्ठ पत्रकार एवं द हिंदू के पूर्व एडिटर-इन-चीफ एन राम ने अपने पत्र में कहा है कि लोकतांत्रिक देश होने के नाते हमारे चुनावों पर दुनिया की नजर है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को गैर-पार्टी और गैर-व्यावसायिक प्लेटफॉर्म पर बहस करना चाहिए। इन तीनों ने पत्र में लिखा है कि रैलियां और भाषणों में सत्ताधारी पार्टी भाजपा और मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस दोनों ने ही हमारे संवैधानिक लोकतंत्र से जुड़े अहम सवाल पूछे हैं। हमारे प्रधानमंत्री ने सबके सामने कांग्रेस को आरक्षण, आर्टिकल 370 और संपत्ति के बंटवारे पर घेरा है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी से संविधान, इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम, चीन के अतिक्रमण पर सवाल पूछे हैं और उन्हें सार्वजनिक बहस की चुनौती भी दी है। पत्र में लिखा है कि हमें लगता है कि अगर एक गैर-दलीय और गैर-व्यावसायिक मंच पर सार्वजनिक बहस के जरिए जनता सीधे तौर पर हमारे नेताओं का पक्ष सुनेगी तो इससे जनता को फायदा होगा। हमें लगता है कि इससे हमारी संविधानिक प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी। पत्र में यह भी लिखा है कि यह बहस कहां होगी, कितनी देर की होगी, इसमें सवाल कौन पूछेगा और इसका प्रारुप क्या रहेगा, यह श्री मोदी और राहुल गांधी दोनों की सलाह पर तय किया जा सकता है। अगर ये दोनों नेता बहस के लिए नहीं आ सकते हैं, तो वे अपनी तरफ से किसी को प्रतिनिधि के तौर पर भेज सकते हैं।

इस पत्र पर राहुल गांधी ने जवाब दिया कि उन्होंने कांग्रेस के अध्यक्ष से इस बारे में चर्चा की है और वे इसके लिए तैयार हैं। श्री गांधी ने लिखा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए प्रमुख दलों का एक मंच से अपना विजन देश के समक्ष रखना एक सकारात्मक पहल होगी। देश प्रधानमंत्री जी से भी इस संवाद में हिस्सा लेने की अपेक्षा करता है।

हालांकि प्रधानमंत्री की ओर से इस पर कोई जवाब देखने नहीं मिला है। अलबत्ता भाजपा के नेताओं और आईटी सेल के लोगों ने राहुल गांधी का मजाक उड़ाना जरूर शुरू कर दिया कि वे किस हैसियत से प्रधानमंत्री मोदी से बहस करेंगे। वे तो इंडिया गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार भी नहीं हैं। लेकिन भाजपा के नेता यह भूल गए कि इस बहस के लिए प्रधानमंत्री पद की दावेदारी कोई योग्यता है ही नहीं। श्री मोदी और श्री गांधी दोनों लोकसभा के सांसद हैं और अपनी-अपनी पार्टियों की ओर से उम्मीदवार भी, इस नाते दोनों के बीच सीधी बहस हो सकती है।

लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि क्या नरेन्द्र मोदी राहुल गांधी या कांग्रेस के किसी भी नेता से सीधी बहस के लिए तैयार होंगे या नहीं। क्योंकि जब कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर उन्होंने भ्रामक बातें कहनी शुरू की, तब मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी उनसे लिए चर्चा का वक्त मांगा था। वह वक्त आज तक श्री खड़गे को नहीं मिला। इस बीच स्मृति ईरानी जैसे नेता राहुल गांधी को ललकारते और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी से बहस के लिए चुनौती देते नजर आए। यानी भाजपा बहस की बात तो करती है, लेकिन बहस करने के लिए तैयार नहीं होती।

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों में दोनों दलों के उम्मीदवारों के बीच सार्वजनिक बहस की परंपरा रही है। लेकिन भारत में चुनावों में ऐसा नहीं होता, क्योंकि यहां राष्ट्रपति नहीं, प्रधानमंत्री सरकार का मुखिया होता है और यहां दो दल नहीं, अनेक दलों वाली लोकतांत्रिक राजनीति होती है। इसलिए अमेरिका जैसी परंपरा यहां लागू नहीं हो सकती। लेकिन फिर भी मुद्दों पर आधारित सार्वजनिक बहस अगर दो प्रतिद्वंद्वी दलों के नेताओं के बीच हो और गड़े मुर्दे उखाड़ने या निजी प्रहार करने की जगह तर्कों के साथ जवाब दिए जाएं, तो वाकई लोकतंत्र का बहुत भला होगा। भाजपा फिलहाल इस बहस के लिए तैयार नहीं है, बल्कि बहस के बहाने राहुल गांधी पर प्रहार के लिए तैयार है। इससे समझा जा सकता है कि भाजपा इस वक्त कितने पानी में है।

## देखी तेरी तानाशाही!

**- राजेन्द्र शर्मा**

चुनाव के पलटने का पहला इशारा तो, जिसकी ओर हमने अपनी पिछली टिप्पणियों में भी ध्यान खींचा था, 2019 के चुनाव के मुकाबले मत प्रतिशत में गिरावट होना ही है। बेशक, पहले दो चरणों में शुरूआती आंकड़ों के आधार पर, 6 फीसदी से ऊपर की जिस भारी गिरावट का अनुमान लगाया जा रहा था, वह चुनाव आयोग द्वारा असामान्य देरी से जारी किए गए मतदान के अंतिम आंकड़ों में, अपेक्षाकृत थोड़ी रह गई है। फिर भी, यह गिरावट 3 फीसदी के करीब बनी रही है।

क्या 2024 का चुनाव पलट चुका है? एक नहीं, कई इशारे हैं जो बताते हैं चुनाव पलट चुका है। बल्कि योगेंद्र यादव के शब्दों का सहारा लें तो इस बार चुनाव, 'मंझधार में पलट' चुका है। बेशक, तीसरे चरण के मतदान के साथ ही चुनाव आधे से ज्यादा गुजर चुका था। चौथे चरण की 96 सीटों पर 13 मई के मतदान के साथ, तीन-चौथाई चुनाव गुजर चुका है। जाहिर है कि अब तक चुनाव में सामने आए रुझानों को इस माने में इस पूरे चुनाव के रुझान की तरह लिया जा सकता है कि यहां से आगे बचे हुए चरणों में, बड़ी उलट-फेर की संभावना बहुत सीमित हो गई है।

चुनाव के पलटने का पहला इशारा तो, जिसकी ओर हमने अपनी पिछली टिप्पणियों में भी ध्यान खींचा था, 2019 के चुनाव के मुकाबले मत प्रतिशत में गिरावट होना ही है। बेशक, पहले दो चरणों में शुरूआती आंकड़ों के आधार पर, 6 फीसदी से ऊपर की जिस भारी गिरावट का अनुमान लगाया जा रहा था, वह चुनाव आयोग द्वारा असामान्य देरी से जारी किए गए मतदान के अंतिम आंकड़ों में, अपेक्षाकृत थोड़ी रह गई है। फिर भी, यह गिरावट 3 फीसदी के करीब बनी रही है और लगभग ऐसी ही गिरावट तीसरे चरण में भी दर्ज हुई है। इशारा साफ है कि 2019 में मोदी की भाजपा को तीन सौ पार कराने वाली लहर अब उतर चुकी है और जाहिर है कि मोदी के दस साल के राज पर लोगों की नाराजगी के धक्के से उतर चुकी है। और यह इस पूरे चुनाव का ही सच है, न कि सिर्फ शुरूआती चरणों का। और भाजपा के दुर्भाग्य ये, जिस हिंदी पट्टी को वह अपना मुख्य आधार मानती है और जहां से ही 2014 तथा 2019 के आम चुनावों में उसे असली ताकत मिली थी, वहां पर यह उतार और भी ज्यादा रहा है, शेष देश के मुकाबले कम नहीं। चौथे चरण में भी उत्तर प्रदेश तथा बिहार में, मत फीसदी में 2019 से भारी कमी के ही संकेत हैं। दूसरा इशारा, जो वास्तव में इस पहले इशारे से सीधे-सीधे जुड़ा हुआ है, विशेष रूप से पहले चरण के बाद से ही रंग-ढंग भांपकर, खुद प्रधानमंत्री मोदी की अगुआई में भाजपा के अपने दस साल के रिकार्ड से लेकर, अपने चुनावी घोषणापत्र तक और यहां तक कि मोदी की गारंटियों को भी बाजू में रखकर, हिंदुत्व की सांप्रदायिक दुहाई पर अपने प्रचार को केंद्रित करना है। बेशक, यह चुनाव आयोग की मदद के बिना नहीं हो सका है कि सिर्फ विरोधी राजनीतिक पार्टियों की ही नहीं, सामाजिक-नागरिक संगठनों की तमाम शिकायतों के बावजूद, मोदी की भाजपा ने इस खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक दुहाई को इस चुनाव में अपने प्रचार की स्थायी सिग्नेचर धुन बनाए रखा है। बहरहाल, इसके साथ अपने मनुवादी चरित्र से प्रवाहित होते सवर्ण वर्चस्ववादी तथा मर्दवादी मूल्यों व आग्रहों के व्यवहार और विशेष रूप से महिलाओं समेत वंचित तबकों के शक्तिकरण के अपने विरोध को छुपाने की कोशिश को जोड़ते हुए, मोदी एंड कंपनी ने अपने बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक आग्रहों को जरा नवोन्मेषी शब्दावली देने की कोशिश भी की है। इसमें जाहिर है कि बिना किसी भी आधार के ही यह दावा किया जाता रहा है कि इंडिया गठबंधन की सरकार अगर आ गई तो वे दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़े वर्ग को हासिल आरक्षण छीनकर, मुसलमानों को दे देंगे, जो उनके वोट बैंक हैं! कहने की जरूरत नहीं है कि हालांकि इसमें आरक्षण के मुद्दे पर अपने संदिग्ध रुख तथा अपने नेताओं के बीच से आई संविधान ही बदल डालने की हूंकारों से, इसी सब के लिए विरोधियों पर ही हमला करके अपना बचाव करने कोशिश भी है; फिर भी इसमें भी केंद्रीय सूत्र मुस्लिमविरोधी दुहाई का ही है। मुसलमानों को आरक्षण दे देंगे के दावों के पीछे भी मुख्य धुन, हिंदू खतरे में है की ही है।

और चूंकि चुनाव जैसे-जैसे आगे बढ़ता गया है, वैसे-वैसे ठीक इसी धुन को तेज से तेज करने की हड़बड़ी बढ़ती गई है, इस आख्यान की सेवा के लिए प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाह परिषद तक को उतार दिया गया है। इस परिषद ने बिना किसी प्रसंग के चुनाव के बीचो-बीच एक परिपत्र प्रकाशित किया है, जो अब काफी पुराने पड़ गए आंकड़ों के सहारे, प्रकटतः तो यह साबित करने की कोशिश करता है कि अन्य अनेक देशों के विपरीत, भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों की स्थिति कैसे ठीक-ठाक है, लेकिन चुनाव के बीचो-बीच इसके खास संघी प्रचार को हवा देने का काम ही ज्यादा करता है कि भारत में हिंदुओं की आबादी घट रही है, जबकि मुसलमानों की आबादी बहुत तेजी से बढ़ रही है यानी हिंदू खतरे में हैं! कहने की जरूरत नहीं है कि भाजपा-आरएसएस के औपचारिक चुनाव प्रचार से भी बढ़कर, अनौपचारिक प्रचार में, इस 'खतरे' को जमकर उछाला गया है।

# राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से डीएम ने ईवीएम का कराया मांकपोल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में 236 चित्रकूट विधानसभा व 237 मानिकपुर विधानसभा की ईवीएम मशीनों की कमिश्निंग के कार्यों को देखा। विभिन्न पार्टियों के राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने मशीनों को चिन्हित कर मांकपोल किया।



एसडीएम से बात करते डीएम।

मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कर्वी/मऊ-मानिकपुर को निर्देश दिए की राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को रेंडम ईवीएम मशीनों को चिन्हित कराकर मांकपोल करायें। राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के रजिस्टर में हस्ताक्षर भी करायें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से पोलिंग पार्टियों की रवानगी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कहा कि राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में बनाये स्ट्रांग रूम की व्यवस्थायें अभी से करायें। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, तहसीलदार मऊ विजय यादव, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, नायब तहसीलदार कर्वी मंगल सिंह समेत संबंधित अधिकारी व विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एनडीपीएस आरोपी को हुई एक साल की सजा

### पांच हजार का हुआ जुर्माना

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय व पैरोकार महेश्वरीदीन ने न्यायालय से गांजा तस्करी के आरोपी को एक वर्ष की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया है। मंगलवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट सुशील कुमार वर्मा ने मऊ थाने में दर्ज एनडीपीएस एक्ट आरोपी धर्मेन्द्र कुमार द्विवेदी पुत्र स्व राजकुमार द्विवेदी खप्टिहा थाना मऊ को एक वर्ष की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

# आज होगी बसपा मुखिया की अतर्रा में जनसभा

## बसपा प्रत्याशी को जिताने को भरेंगी हुंकार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने बताया कि बसपा सुप्रीमो/सूबे की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती 15 मई को दोपहर 12 बजे अतर्रा-बांदा के हिन्दू इंटर कालेज में जनसभा करेंगी। बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी को जिताने की आम जनता से अपील करेंगी। उन्होंने बसपा कार्यकर्ताओं-समर्थकों व पदाधिकारियों से हिन्दू इंटर कालेज



बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी।

पहुंचने की अपील की है। मंगलवार को बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने बताया कि बसपा सुप्रीमो मायावती की जनसभा हमेशा ऐतिहासिक होती रही है। इस बार भी बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी के पक्ष में ये जनसभा और भी ऐतिहासिक होने के आसार हैं, क्योंकि बसपा के पक्ष में जिस तरह से संसदीय क्षेत्र में माहौल बन रहा है, उससे जाहिर है कि जनसभा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि बहन मायावती को सुनने को ज्यादा से ज्यादा तादाद में लोग हिन्दू इंटर कालेज दोपहर 12 बजे 15 मई को पहुंचे।

# बांदा लोकसभा सीट में असमंजस में मतदाता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा के मतदान की तिथि जैसे-जैसे निकट आ रही है, वैसे-वैसे चुनाव खासे रोमांचक मोड पर पहुंचता जा रहा है। इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय होने के आसार हैं।

परशुराम जयंती में ब्राम्हणों ने जिस ढंग से हुंकार भरी है, उससे प्रतीत होता है कि लामबन्द होकर ब्राम्हण इस लोकसभा सीट में मतदान करने का मन बनाये हैं। इसे हवा देने का काम पूर्व विधायक व पूर्व सांसद कर रहे हैं। उनका कहना है कि ब्राम्हणों के आस्तित्व का प्रश्न है। ऐसे में चुनावी ऊंट करवट बदल सकता है। फिलहाल

## त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

मतदान बीस मई को है, ये कोर वोटर ऐन मौके पर भाजपा के पक्ष में भी जा सकता है, तब फिर आस्तित्व का सवाल कहां जायेगा।

गांवों में वाहनों के काफिले व समर्थकों की भीड़ दिखाकर प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में मतदान की अपील करते दिख रहे हैं। स्टार प्रचारकों के भी कार्यक्रम तेजी से लग रहे हैं। जिस समुदाय की संख्या जिस क्षेत्र में ज्यादा है, उसी समुदाय के बड़े नेता की जनसभायें कराई जा रही हैं। राजनीतिकों के दावे हैं इस बार जनता बदलाव के मूड में है। ऐसे में नतीजे कुछ भी हो सकते हैं।

कोई आस्तित्व बचाने का दावा कर रहा है तो कोई सबक सिखाने की। फिलहाल चुनाव प्रचार पूरे शबाब पर है। नतीजा तो चार जून को पता चलेंगे। बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल व इंडिया गठबंधन से कृष्णा पटेल तथा बसपा से मयंक द्विवेदी चुनावी समर में है। मजे की बात ये है कि जाति-धर्म के मुद्दे उछाले जा रहे हैं। ये लोकतंत्र पसंद लोगों को रास नहीं आ रहे। जनता में दलों के घोषणा पत्र की चर्चा भी हो रही है। अशिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई व बेरोजगारी बुनियादी समस्याओं पर कोई चर्चा नहीं हो रही।

# युवती की आत्महत्या में भौंरी प्रधान की जमानत खारिज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रेमी के साथ रिश्ता तय होने के बाद भी शादी न होने से आहत युवती के आत्महत्या करने के मामले में आरोपी प्रधान की जमानत सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने खारिज कर दी है।

मंगलवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थाने में एक व्यक्ति ने मामला दर्ज कराया था कि रैपुरा थाने के भौंरी गांव के तरकहवा पुरवा के अखिल राजपूत ने बेटी के साथ एक अक्टूबर 2023 को दुष्कर्म किया था। घटना के एक सप्ताह बाद आरोपी व पीड़िता के परिजनों के बीच पंचायत हुई। बेटी के साथ अखिल राजपूत की शादी कराने को लेकर सुलह हो गई थी। 22 अक्टूबर 2023 को शादी को अखिल के पिता मुन्नालाल को बयाना भी दे दिया था। कुछ दिन बाद आरोपी अखिल राजपूत की मां भौंरी की प्रधान सत्यभामा व पिता मुन्नालाल ने अधिक दहेज की मांग को लेकर शादी से इंकार कर दिया। उसने धारा 156(3) के तहत न्यायालय में वाद दायर किया था। परिवाद में आठ अप्रैल को तारीख लगी थी। शादी टूटने से दुखी बेटी ने नौ अप्रैल को घर में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पहले सुसाइड नोट भी लिखा था। उसने मौत के लिए अखिल व उसके परिवार को

## मृतका का सुसाइड नोट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मृतका ने सुसाइड नोट में लिखा था कि तुम्हें तो भारी खुशी हो गई होगी न, मेरे साथ इतनी बड़ी घटना करने के बाद तुम्हें अपने बड़े एवं पैसा होने का घमंड था। मेरे बारे में थोड़ा सा भी नहीं सोचा। तुम ही लोगों की वजह से मैने आत्महत्या कर ली। मेरे अपने घर वालों से हाथ जोड़कर निवेदन है कि इस पत्र को प्रधान मुन्नालाल, अखिल को जरूर पढ़ा देना। मेरे व अखिल के बीच में जो कुछ भी था वह सब सच में सच था। मैंने यह बात अखिल को बहुत पहले बता दी थी कि मैं तुम्हारी वजह से ही मर जाऊंगी।

जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी प्रधान सत्यभामा व बेटे अखिल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना में आरोपी अखिल की मां सत्यभामा ने जमानत को अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने मंगलवार को जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त करने के आदेश दिये।



जाम लगाये छात्र।

# छात्र-छात्राओं ने सडक जाम कर जताया आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिला प्रशासन के खिलाफ सडक पर उतरकर नारेबाजी कर रहे हैं। छात्रों ने बताया कि दो दिन पहले दिव्यांग की विद्यालय गेट के सामने मौत हो गई है। पूरे छात्र-छात्राओं में आक्रोश हैं।

मंगलवार को छात्र-छात्राओं ने कहा कि जिला प्रशासन से यहां ब्रेकर बनवाने की मांग की थी। पूर्व में यहां ब्रेकर बने थे। वाहनों के चलने से टूट गए हैं। दोबारा बनवाने की मांग महीनों पहले की गई थी। अभी तक विभाग ने

## दो दिन पहले छात्र की हुई थी मौत

ब्रेकर नहीं बनवाये। अजय सिंह ने बताया कि दो दिन पहले राहुल यादव शिवरामपुर चौकी क्षेत्र के छात्र की मृत्यु हो गई थी। पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए छात्रों ने कहा कि मृतक छात्र की आर्थिक दशा बेहद कमजोर थी। परिजनों की मदद करनी चाहिए। हादसा करने वाले चालक व मालिक के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस पर आरोप लगाया कि जिला पुलिस प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

# सीबीएसई 12वीं में रागीश पटेल ने किया जिला टॉप

## 10वीं में अनन्या सिंह को मिला पहला स्थान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित हुए। चित्रकूट में इंटरमीडिएट रागीश पटेल व हाईस्कूल में अनन्या सिंह ने जिला टॉप किया। ज्यादातर स्कूलों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। दोपहर को अपरान्ह दो बजे परिणाम आया तो स्कूल-कॉलेज में शिक्षक व छात्रों का जमावड़ा होने लगा।

मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय के छात्र रागीश पटेल ने सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट में पहला स्थान प्राप्त किया। श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल





परिवार में खुशी मनाते रागीश पटेल व अच्छे अंकों के पास छात्र-छात्रायें।

के श्रेयस द्विवेदी ने हाईस्कूल में 96.7 फीसदी अंक लेकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इंटर में अशोक पब्लिक स्कूल के छात्र लवदीप सिंह ने 480 अंकों समेत 96 फीसदी, गौरव व भूमि अग्रवाल ने 444-444 अंक प्राप्त किये। संत थामस स्कूल के आदित्य केशरवानी ने 95.40 फीसदी, शालिनी वर्मा 95.20, अदिति गुप्ता 93.50, हर्षित जायसवाल ने 92.80, दिव्यांश मिश्रा ने 91.60 फीसदी अंक पाये। इसी प्रकार संपदा श्रीवास्तव ने 434 अंकों के साथ 86.8 फीसदी अंक प्राप्त किये।

हाईस्कूल में संत थामस स्कूल की अनन्या सिंह ने 97.2 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संत थामस स्कूल के चेतन सिंह ने 96.40 अंक, जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र कृष्णबन्द्र पांडेय ने 95.8 फीसदी अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल इंटर में धैर्या गुप्ता व ओंकार सिंह ने 95.6-95.6 फीसदी अंक प्राप्त किये। हाईस्कूल में आदित्य अग्रहरि ने 95.4 फीसदी, नाव्या केशरवानी में 95.2 फीसदी, संत थामस के छात्र जापान खान ने 94.50 फीसदी अंक, अजय सिंह ने 94 फीसदी, संत थामस की छात्रा उन्नति पाडेय ने 93.80 फीसदी अंक, देवांना विनायक ने 93.6 फीसदी, श्रेयांश जायसवाल ने 92.8 फीसदी, अनन्या गुप्ता ने 92.2 फीसदी, संत थामस की कृतिका पटेल ने 91.60 फीसदी अंक, प्रान्जल सिंह ने 90.6 फीसदी अंक प्राप्त किये।

टापर छात्रा अनन्या सिंह खुटहा स्थित संत थामस की सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा हैं। माता बबिता सिंह परीषदीय स्कूल में शिक्षिका है। छात्रा ने बताया कि स्कूल के अलावा वह बाहर के कोचिंग सेंटर में पढ़ाई करती थी। अपने परिवार के सदस्यों से मदद लेती थी। आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहती है। मोबाइल का उपयोग कम करती थी। उसका एक भाई शिवा सिंह कक्षा आठ में पढ़ता है। छात्रा की कामयाबी से संत थामस सीनियर सेकेंडरी स्कूल फादर डेनिस समेत अन्य शिक्षकों ने खुशी जताई है।टापर छात्र रागीश पटेल शहर के मिशन रोड स्थित केंद्रीय विद्यालय का छात्र है। विद्यालय से हाईस्कूल की परीक्षा भी अच्छे अंकों से पास की है। पिता राकेश सिंह व माता गीता पटेल परिषदीय स्कूल में शिक्षक है। रागीश ने बताया कि वह इकलौता पुत्र है। स्कूल समेत 12 घंटे पढ़ाई करता था। आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहता है।



छात्र वैभव निषाद।

## ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने भी किया शानदार प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। हडियाबाबा पब्लिक स्कूल मऊ के दसवीं व बारहवीं कक्षाओं के शत-प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। हाईस्कूल के वैभव निषाद ने 95.2 फीसदी अंक प्राप्त कर पहला, गणेश कुमार ने दूसरा व युवराज गुप्ता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

इंटरमीडिएट में आयुष सिंह ने पहला, सिद्धि रस्तोगी ने दूसरा व सोनिया द्विवेदी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। होनहार छात्र वैभव निषाद ने बताया कि उसने कोई भी कोचिंग नहीं की। विद्यालय व घर में मनोयोग से माता-पिता व विद्यालय के शिक्षकों की अगुवाई में पढ़ाई की है। प्रधानाचार्य प्रदीप शुक्ला ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया है।

# पुलिस पर जानलेवा हमले में चार को दस-दस वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार ने विशेष न्यायधीश डकैती कोर्ट से अपहरण व पुलिस पार्टी पर फायर करने के चार आरोपियों को दस-दस वर्ष की सजा व 33-33 हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया है।

मंगलवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला व सहायक

## 33-33 हजार रुपये का हुआ जुर्माना

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट/अपर जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने राजापुर थाने में दर्ज बलवा, जानलेवा हमला, अपहरण व डकैती एक्ट के आरोपी शिवकुमार केवट पुत्र रघुवीर केवट, बालुम उर्फ बालम केवट पुत्र बोड़ीलाल केवट निवासी चन्दनापुर थाना किशनपुर जिला फतेहपुर, दुर्गा केवट पुत्र बल्देव धानेपुर थाना किशनपुर जिला फतेहपुर व जयनारायण शुक्ल पुत्र रामचन्द्र शुक्ल कुचैली थाना राजापुर को दस-दस वर्ष की सजा व 33-33 हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है।

ज्ञात है कि 13 जनवरी 2006 को तत्कालीन थानाध्यक्ष राजापुर डा संजय सिंह हमराहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। लमियारी गांव के पास शंकर केवट गैंग के शिवकुमार केवट, रघुवीर केवट, दुर्गा प्रसाद व जयनारायण शुक्ला ने अन्य साथियों के साथ मिलकर कल्लू रैदास पुत्र सैकू व गया पाल पुत्र बड़कू लमियारी का अपहरण कर ले जा रहे थे। पुलिस पार्टी ने रोका तो गैंग ने एकराय होकर जान से मारने की गरज से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। बदमाशों की गोली से लमियारी के जुगराज सिंह घायल हुए। इस बाबत थाने में उचित धाराओं में मामला दर्ज किया। 28 जून 2013 को डकैत शंकर केवट मारा गया। मुकदमे की विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष पहाड़ी दिनेश कुमार सिंह ने की। 30 जून 2006 को आरोपियों पर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

# बालक जय को कोतवाल ने परिजनों के किया सुपुर्द

## स्कूल प्रशासन की संवेदनहीनता आई सामने

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के कौबरा गांव के रामकृष्ण मिश्रा पुत्र बल्लूराम मिश्रा ने सोमवार की देर शाम कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह को दी तहरीर में कहा था कि उसकी बुआ का लडका जय त्रिपाठी (15) पुत्र सत्यनारायण त्रिपाठी निवासी बाई का कुआ सरैंया अशोक पब्लिक स्कूल का छात्र है। वह संदिग्ध दशा में स्कूल से गायब हो गया है। कर्वी कोतवाल ने मामले का संज्ञान लेकर बालक को बरामद कर परिजनों को सौंपा है।



बरामद बालक।

सोमवार को तहरीर में रामकृष्ण मिश्रा ने कहा था कि बालक जय त्रिपाठी 13 मई को अशोक पब्लिक स्कूल खोह में घर से स्कूल बस से पढने गया था। उपस्थिति छात्र पंजिका में दर्ज हैं। वह घर नहीं पहुंचा। काफी खोजबीन बाद परिजनों समेत विद्यालय पहुंचे। वहां स्कूल प्रशासन ने बताया कि छात्र सवेरे बस से स्कूल आया था। कक्षा में भी मौजूद था। स्कूल प्रबंधन ने छात्र के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दिया। सीसीटीवी कैमरे में भी विद्यालय आने के समय का विजुअल है, वापस जाने का नहीं है। तहरीर में बालक को खोजने की गुहार लगाई।

इधर, कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने 24 घंटे के अन्दर बालक जय त्रिपाठी को सही-सलामत बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। इस बीच परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। पुलिस के मानवीय कर्तव्यों की परिजनों ने सराहना की है। इस मामले में स्कूल प्रशासन की संवेदनहीनता खुलकर सामने आई है।

# जिला जज की अगुवाई में दम्पति हुए एक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अगुवाई में मध्यस्थता केन्द्र में पारिवारिक विवाद समाप्त कराकर पति-पत्नी के बीच सुलह हुई। समझौते के बाद पत्नी को पति के साथ ससुराल भेजा गया।

मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि परिवार न्यायालय में विनीता देवी ने धारा 125 सीआरपीसी का वाद दायर किया था। विनीता देवी बनाम लवलेश मौर्य की पत्रावली को परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने सुलह-समझौते को संदर्भित किया। ये मामला पांच माह से परिवार



दम्पति में हुआ समझौता।

न्यायालय में लम्बित था। मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थ अधिवक्ता ननकूराम यादव ने पत्रावली को सुलह-समझौते को पेश किया। उनके प्रयास से पांच माह से अलग रह रहे दोनों पक्ष एक साथ रहने को सहमत हुए। सुलहनामा दाखिल किया। समझौते के बाद पत्नी को न्यायालय परिसर से ससुराल भेजा गया। इस मौके पर दोनों पक्षों के परिवारों के सदस्य व अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सद्गुरु पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने सीबीएसई 10वीं-12वीं में मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की कृपा से संचालित सद्गुरु शिक्षा समिति के सद्गुरु पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल की कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम सीबीएसई ने घोषित किया। नतीजे आते ही छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गयी। कक्षा 10वीं में स्वर्णिमा चतुर्वेदी पुत्री मनोज चतुर्वेदी 93.4 फीसदी अंकों के साथ प्रथम, शुभ अग्रवाल पुत्र पवन कुमार 93.2 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय, प्रज्जवल द्विवेदी पुत्र रघुनाथ द्विवेदी 91 फीसदी अंकों के साथ तृतीय, अन्नया शुक्ला पुत्री रामदत्त शुक्ला





अव्वल आये छात्र-छात्रायें।

90.6 फीसदी अंकों के साथ चतुर्थ व आयशा जावेद पुत्री जावेद अली 90.4 फीसदी अंकों के साथ पांचवे स्थान पर रही।

मंगलवार को 12वीं कक्षा में आनंद कुमार पटेल पुत्र मुन्नालाल पटेल 89.6 फीसदी अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंबालिका सिंह पुत्री अर्जुन सिंह 86.4, अर्पित यादव पुत्र शिव सिंह यादव 86.4 द्वितीय, महक गुप्ता पुत्री रामशंकर गुप्ता 85.8 अंको के साथ तृतीय, दीपांशु कुमारी पुत्री छोटेलाल 79.6 चतुर्थ, श्रुति शुक्ला पुत्री कमलेश शुक्ला 78.6 पांचवा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सद्गुरु शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती उषा जैन, ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्र-छात्राओं को कठिन परिश्रम के लिए बधाई दी। आगामी सफल भविष्य को आशीर्वाद दिया। उन्होंने विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन एवं शिक्षण के लिए व अभिभावकों को दिशा-निर्देशों के लिए साधुवाद दिया। ये परीक्षा परिणाम शिक्षक, अभिभावक, छात्रों के सम्मिलित परिश्रम का नतीजा है।

# पीओके के लिए 23 अरब का बजट मंजूर होने के बाद भी पाकिस्तान सरकार के खिलाफ गुस्सा शांत होने के संकेत नहीं





**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में लगातार बढ़ती महंगाई से लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग सड़कों पर हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस घटनाक्रम ने शहबाज शरीफ सरकार को घुटनों पर ला दिया है। सरकार ने पीओके के लिए तत्काल 23 अरब रुपये का बजट मंजूर किया और स्थानीय सरकार ने बिजली दरों व ब्रेड की कीमतों में कटौती की घोषणा की लेकिन ये घोषाणाएं अबतक लोगों का गुस्सा शांत नहीं कर पाई हैं। पीओके में अभी भी स्थिति तनावपूर्ण है। शुक्रवार से इस क्षेत्र में लगातार विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। एक दिन पूर्व सोमवार को चौथे दिन भी पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प की खबरें हैं। प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ टकराव में अबतक मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। जिनमें दो प्रदर्शनकारी और एक एसआई शामिल है। रविवार को झड़प में 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

दरअसल, जरूरी चीजों के दाम बढ़ने और टैक्स में बढ़ोतरी के खिलाफ पीओके में 10 मई से सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारियों और वकीलों द्वारा गठित संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी ने राजधानी मुजफ्फराबाद मार्च करने का आह्वान किया। सोमवार को भी बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने मुजफ्फराबाद की ओर लॉन्ग मार्च जारी रखा।

पुलिस ने इस मार्च को रोकने के लिए बल प्रयोग किया जिसके कारण प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं। लोग संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के लगभग 70 सदस्यों को गिरफ्तार किए जाने से नाराज थे जिसके बाद हिंसा भड़की।

उल्लेखनीय है कि रविवार को भीड़ में किसी ने पुलिस के एसआई अदनान कुरेशी की गोली मारकर हत्या कर दी। जिसके बाद झड़प में 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए, इनमें ज्यादातर पुलिसकर्मी थे। अब तक दो प्रदर्शनकारियों की भी मौत हुई है। इसके साथ ही पीओके के साथ भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोग अपनी नाराजगी जाहिर करते हैं। बिजली वितरण में इस्लामाबाद सरकार की तरफ से भेदभाव किए जाने के आरोप में नीलम-झेलम परियोजना द्वारा उत्पादित 2,600 मेगावाट जलविद्युत का उचित हिस्सा नहीं मिलने की शिकायतें हैं। इस बीच, प्रदर्शनकारियों को शांत करने के लिए पाकिस्तान सरकार ने तत्काल प्रभाव से 23 अरब रुपये का बजट आवंटित किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालात के बारे में चिंता जताई। उन्होंने सोमवार को प्रदर्शनकारियों और स्थानीय सरकार से बातचीत के बाद पीओके को तत्काल प्रभाव से 23 अरब रुपये के बजट की मंजूरी दी। शरीफ सरकार की घोषणा के बाद पीओके के प्रधानमंत्री हक ने बिजली दरों में कटौती की घोषणा की। उन्होंने ब्रेड की कीमतों में भी कटौती की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि बिजली और खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों के विरोध में व्यापारी शुक्रवार को सड़कों पर उतर आए। अगस्त 2023 में भी ऊंचे बिजली दरों के खिलाफ ऐसे ही विरोध प्रदर्शन हुए थे। बढ़ती ऊर्जा लागत के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था दो साल से अधिक समय से अत्यधिक उच्च मुद्रास्फीति से जूझ रही है।

# नवाज शरीफ संभालेंगे पीएमएल-एन अध्यक्ष पद की कमान - शहबाज शरीफ ने प्रमुख के पद से दिया इस्तीफा





इस्लामाबाद, 14 मई (हि.स.)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक बार फिर से पार्टी की कमान संभालने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। पार्टी में अंदरूनी कलह के बीच शहबाज शरीफ ने पीएमएल-एन अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है।

पीएमएल-एन महासचिव को लिखे अपने पत्र में शहबाज ने 2017 के घटनाक्रमों का उल्लेख किया जिसका परिणाम नवाज के प्रधानमंत्री कार्यालय से बाहर होने एवं पार्टी की अध्यक्षता गंवाने के रूप में हुआ था। शहबाज (72) ने पत्र में कहा कि उनके भाई ने प्रतिकूल हालात के दौरान पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी और कहा कि यह कर्तव्य उन्होंने पूरे समर्पण और गंभीरता के साथ निभाया।नवाज (74) लंदन में करीब चार साल स्वनिर्वासन में रहने के बाद पिछले साल अक्टूबर में स्वदेश लौटे थे। शहबाज का इस्तीफा पंजाब प्रांत में और संघीय स्तर पर पार्टी में अंदरूनी कलह के बीच आया है।

# अब एकीकृत समाजवादी पार्टी ने भी नेपाल सरकार से समर्थन वापस लेने का संकेत दिया

**काठमांडू।** नेपाल के सत्तारूढ़ गठबंधन में असंतोष बढ़ता जा रहा है। सरकार के घटक दल ही इस गठबंधन के बारे में विरोधी बयान देने लगे हैं। अभी हाल ही में एक सत्तारूढ़ दल का विभाजन होने के बाद अब दूसरे एकीकृत समाजवादी पार्टी ने सरकार से समर्थन वापस लेने का संकेत दिया है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के नेतृत्व में वर्तमान सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल एकीकृत समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल ने कहा है कि गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के केन्द्रीय कमेटी की बैठक में माधव नेपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचंड और केपी शर्मा ओली की तरफ से गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया जा रहा है। हाल ही में जनता समाजवादी पार्टी के विभाजन के लिए प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली को दोषी बताते हुए माधव नेपाल ने कहा कि दुनिया के राजनीतिक इतिहास में ऐसा कम होता है, जब प्रधानमंत्री अपने ही सत्तारूढ़ घटक दल का विभाजन करवाकर अपने मंत्रियों को बाहर निकालते हैं। माधव नेपाल ने यह भी कहा कि जनता समाजवादी पार्टी (जसपा) के विभाजन के बाद अब प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली मिल कर उनकी पार्टी के विभाजन का षड्यन्त्र कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन में सहमति बनी थी कि सात में से तीन प्रदेश एमाले, दो प्रदेश माओवादी और एक-एक प्रदेश जसपा और उनकी पार्टी को मिलेगा। एमाले और माओवादी पार्टी प्रदेश में अपनी सरकार बना चुकी है लेकिन जसपा की सरकार गिरा दी गई और अब एकीकृत समाजवादी की सरकार गिराने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि दो दिन बाद सुदूर पश्चिम की सरकार अपना विश्वास मत लेने वाली है लेकिन ओली की पार्टी ने विश्वास का मत नहीं देने का संकेत किया है। माधव नेपाल ने कहा कि यदि सुदूर पश्चिम प्रदेश में उनकी पार्टी के नेतृत्व की सरकार गिरती है तो काठमांडू में गठबंधन में बने रहने का कोई मतलब नहीं है। माधव नेपाल ने कहा कि हमारी पार्टी को इस गठबंधन से बाहर निकालने का पूरा माहौल बनाया जा रहा है। दो दिन में अगर उनकी प्रदेश सरकार को समर्थन नहीं मिला तो वैकल्पिक गठबंधन को लेकर विचार किया जाएगा।

# यूएन में कार्यरत भारतीय की राफा में मौत, हमले की चपेट में आया वाहन



**नई दिल्ली:** संयुक्त राष्ट्र के साथ काम करने वाले एक भारतीय कर्मी की गाजा के राफा में हुए एक हमले में मौत हो गई. हमला में उनके वाहन को निशाना बना कर किया गया था. अधिकारियों ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की.

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक अधिकारियों ने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र के साथ काम करने वाले भारतीय कर्मियों की गाजा के राफा में उनके वाहन पर हुए हमले में मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक यह हमला उस समय हुआ जब यूरोपीय अस्पताल जाते समय राफा में संयुक्त राष्ट्र के वाहन पर हमला हुआ. इसमें यूनाइटेड नेशनंस के डिपार्टमेंट ऑफ सेफ्टी एंड सिक्योरिटी स्टाफ (ऊरर) के सदस्य की मौत हो गई.

**संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने जताया खेद**

इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने सोमवार को कहा, 'महासचिव को यह जानकर गहरा दुख हुआ कि डीएसएस के एक कर्मचारी की मौत हो गई और एक अन्य डीएसएस कर्मचारी घायल हो गया. बयान में कहा गया है कि महासचिव संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर हमलों की निंदा करते हैं और मामले में जांच की मांग करते हैं.'

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# ब्रिटेन सरकार वीजा नियमों में करेगी बड़े बदलाव, भारतीय छात्रों पर पड़ेगा असर



**नई दिल्ली:** ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार भारतीय छात्रों को बड़ा झटका देने की तैयारी में है. ब्रिटेन की प्रवासन सलाहकार समिति (टअङ) ने 'ग्रेजुएट वीजा रूट' को बंद करने के लिए सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के थिंक टैंक ऑनवर्ड के साथ एक रिपोर्ट तैयार की है. इसे भारतीय छात्रों के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि हर साल लाखों छात्र अपनी आगे की पढ़ाई के लिए ब्रिटेन जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट मंगलवार 14 मई को सुनक कैबिनेट में पेश की जाएगी. इसके प्रावधानों के मुताबिक, हर साल करीब 91 हजार भारतीय छात्रों को ग्रेजुएशन रूट के जरिए वीजा एडमिशन नहीं मिल पाएगा. भारत के विदेश मंत्रालय ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है. यूके, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे सभी प्रमुख शैक्षिक स्थलों में पढ़ रहे छात्रों के अभिभावकों ने चिंता व्यक्त की है. ब्रिटेन सरकार द्वारा ग्रेजुएट वीजा रूट खत्म समाप्त करने की अटकलों के बीच, हैदराबाद स्थित एक विदेशी शिक्षा सलाहकार के मालिक श्रीधर ने ईटीवी भारत से बात करते हुए कहा कि अगला कदम, जो छात्रों को सेवाएं प्रदान करता है. उन्होंने कहा, 'अगर ग्रेजुएट वीजा रूट खत्म कर दिया गया तो यह यूके की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा झटका होगा, क्योंकि वे पूरी तरह से भारतीय छात्रों पर निर्भर हैं'.

उन्होंने कहा, 'अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय छात्र भारतीय हैं. पिछले तीन वर्षों से, उन्होंने ट्यूशन और स्वास्थ्य बीमा शुल्क में वृद्धि की है. 2008 में, बीमा शुल्क लगभग 10,000-12,000 रुपये था. यहां तक कि वीजा शुल्क भी 8000 रुपये था, लेकिन अब यह लगभग 3 लाख है. लेकिन अगर पीएसडब्ल्यू वीजा समाप्त हो जाता है तो इसका निश्चित रूप से यूके में विश्वविद्यालयों पर असर पड़ेगा, क्योंकि वे पूरी तरह से छात्रों पर ही निर्भर हैं'. श्रीधर ने ईटीवी भारत से कहा, 'पिछले साल, यूके ने आश्रित वीजा को हटा दिया है. अब अगर पीएसडब्ल्यू को भी हटा दिया जाता है, तो विश्वविद्यालय बड़े पैमाने पर प्रभावित होंगे. भले ही ग्रेजुएट वीजा रूट समाप्त हो गया हो, यह नए आवेदकों के लिए लागू होगा. न कि पुराने आवेदकों के लिए. हमें बस यही उम्मीद है कि इसे अब लागू नहीं किया जाएगा'.डिपेंडेंट वीजा (आश्रित) एक प्रकार का वीजी है जो प्राथमिक वीजी धारक के पति या पत्नी, बच्चों या कभी-कभी अन्य आश्रितों को उनके साथ रहने और प्राथमिक वीजा धारक के प्रवास की अवधि के लिए मेजबान देश में रहने की अनुमति देता है।

डिपेंडेंट वीजा पर दिए गए पात्रता मानदंड और अधिकार देश और विशिष्ट वीजा नियमों के आधार पर भिन्न होते हैं. श्रीधर ने आगे कहा कि भारी आवास किराया, रहने की लागत में भारी वृद्धि कुछ प्रमुख मुद्दे हैं, जिन्होंने ब्रिटिश सरकार को ग्रेजुएट रूट वीजा को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया.

वर्तमान में लगभग 1 लाख 30 हजार भारतीय छात्र हर साल ग्रेजुएशन वीजा मार्ग के माध्यम से ब्रिटेन में प्रवेश करते हैं. सिर्फ 39 हजार भारतीय छात्रों को ही वीजा दिया जाएगा. यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि 2021 में शुरू किया गया ग्रेजुएट वीजा रूट भारतीय और अन्य अंतरराष्ट्रीय छात्रों को मास्टर्स पूरा करने के बाद दो साल तक ब्रिटेन में रहने और काम करने की अनुमति देता है।

**ग्रेजुएट वीजा रूट को खत्म करने का फैसला**

जो छात्र ग्रेजुएशन रूट वीजा प्राप्त करते हैं, वे अपने इमिग्रेशन दावे को मजबूत करते हैं. इसके चलते इन छात्रों को पढ़ाई के बाद दो साल की निवेश रियायत मिलने से कुशल श्रमिक की श्रेणी मिल जाती है. लगभग 80% भारतीय छात्र चिकित्सा, इंजीनियरिंग या कानून का अध्ययन करने के लिए ब्रिटेन जाते हैं. अध्ययन के बाद, वे विस्तारित प्रवास के दौरान एक कुशल श्रमिक के समान वेतन कमाते हैं. ब्रिटिश गृह सचिव जेम्स क्लेवरली के अनुसार, 'यह देखा गया है कि छात्र इमिग्रेशन हासिल करने के लिए इन पीएसडब्ल्यू वीजा का उपयोग कर रहे हैं'.

**यूके में 2023 तक लगभग 1,40,000 भारतीय नागरिक स्टडी वीजा पर हैं.**

**क्या है ग्रेजुएट वीजा रूट**

ग्रेजुएट वीजा रूट यूके में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक अध्ययन-पश्चात कार्य वीजी है, जिन्होंने यूके के उच्च शिक्षा संस्थान में एक योग्य पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है. यह छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद 2 साल (पीएचडी स्नातकों के लिए 3 साल) तक यूके में रहने और काम करने की अनुमति देता है. इससे कार्य अनुभव प्राप्त करने और कैरियर के अवसरों का पता लगाने का अवसर मिलता है.

# अमेरिकी विदेश सचिव ब्लिंकन ने वलोडिमिर जेलेंस्की से मिलने के लिए अचानक यूक्रेन का दौरा किया



**कीव :** अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने मंगलवार को संबंधों को बढ़ावा देने और रूस के साथ चल रहे युद्ध के बीच कीव को अमेरिकी समर्थन की पुष्टि करने के लिए यूक्रेन की अघोषित यात्रा शुरू की. सचिव ब्लिंकन ने एक्स पर कीव में अपने आगमन का विवरण साझा करते हुए कहा कि मैं यूक्रेन के लिए हमारे अटूट समर्थन को प्रदर्शित करने के लिए आज कीव लौटा हूं। इसके अतिरिक्त, अमेरिकी विदेश विभाग के आधिकारिक प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने यह भी साझा किया कि सचिव ब्लिंकन युद्ध के मैदान के अपडेट पर चर्चा करने के लिए यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मिलेंगे। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि कीव में रहते हुए, सचिव युद्ध के मैदान के अपडेट, नई अमेरिकी सुरक्षा और आर्थिक सहायता के प्रभाव और यूक्रेन की आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए चल रहे काम पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूक्रेनी वरिष्ठ नेताओं से मिलेंगे. द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, यह यात्रा तब हो रही है जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने यूक्रेन के लिए 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा की है, क्योंकि रूस के बढ़ते दबाव के बीच देश को पश्चिमी सहायता की सख्त जरूरत है. पिछले महीने अमेरिका की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा अनुपूरक पारित करने के बाद यह पैकेज कीव के लिए तीसरा पैकेज है, जिसमें कीव के लिए 61 बिलियन अमेरिकी डॉलर शामिल थे. द हिल ने शुक्रवार को बताया कि नए पैकेज में पैट्रियट वायु रक्षा युद्ध सामग्री और स्टिंगर विमान भेदी मिसाइलें शामिल हैं, जो यूक्रेन के आसमान की रक्षा करने और उसके शहरों को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि अन्य उपकरणों में अधिक हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम और 155 मिमी और 105 मिमी आर्टिलरी राउंड शामिल हैं, जिनकी यूक्रेन को अग्रिम पंक्ति में रूसी हमलों को रोकने के लिए सख्त जरूरत थी. अमेरिका जेवलिन मिसाइलें, ब्रैडली इन्फैंट्री लड़ाकू वाहन, एम113 बख्तरबंद कार्मिक वाहक, गश्ती नौकाएं और सामान्य छोटे हथियार गोला-बारूद, ग्रेनेड और विध्वंस युद्ध सामग्री भी प्रदान कर रहा है. विशेष रूप से, यह घोषणा अप्रैल के अंत में प्रारंभिक 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पैकेज के पारित होने के बाद आई है, जिसके तुरंत बाद राष्ट्रपति बाइडेन ने राष्ट्रीय सुरक्षा पूरक विधेयक को कानून में बदल दिया. यह अमेरिकी संसद की ओर से यूक्रेन के लिए नई सहायता पर महीनों तक बातचीत करने के बाद आया था। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने भी यूक्रेन के लिए 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पैकेज की घोषणा की, जिसके लिए डिलीवरी से पहले कीव को रक्षा औद्योगिक आधार से उपकरण खरीदने की आवश्यकता होगी. जैसे ही रूस पूर्वी सीमा पर दबाव बढ़ा रहा है, डोनेट्स्क क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है, अमेरिकी सहायता यूक्रेनी जवाबी हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. यह घोषणा उत्तर-पूर्वी खार्किव क्षेत्र में रूस द्वारा शुरू किए गए एक ताजा हमले के बाद आई है, जिससे यूक्रेनी सेना पर और भी अधिक दबाव बढ़ गया है.

# करोड़ों की ठगी के आरोपित तीन नेपाली नागरिक दिल्ली से गिरफ्तार कर काठमांडू लाए गए

**काठमांडू।** दिल्ली के एक होटल में बैठ कर नेपाल के नागरिकों को ठगने के आरोप में तीन नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार कर नेपाल पुलिस काठमांडू लाई है। इनकी गिरफ्तारी में दिल्ली पुलिस का भी भरपूर सहयोग रहा। इन पर दिल्ली के पहाड़गंज में स्थित होटल स्टे इन डिलक्स में पिछले एक वर्ष से रहकर वैदेशिक रोजगारी के नाम पर नेपाली जनता को ठगने का आरोप है। काठमांडू क्राइम ब्रांच के अनुरोध पर दिल्ली पुलिस ने इस होटल पर छापा मार कर इनको गिरफ्तार कर नेपाली पुलिस को सौंप दिया था। काठमांडू क्राइम ब्रांच के डीएसपी गोविन्द पंथी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों में जगत बहादुर तामांग, जंग बहादुर बराल और विष्णु बहादुर बराल हैं। दिल्ली से आरोपितों को लेकर काठमांडू पहुंचने वाले डीएसपी पन्थी ने बताया कि उनके दिल्ली पहुंचने से पहले ही दिल्ली पुलिस इन तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी थी। काठमांडू क्राइम ब्रांच के एसएसपी सानु भट्टराई ने बताया कि नेपाल के कई लोगों ने यह शिकायत की थी कि अमेरिका भेजने के नाम पर इन आरोपितों ने उनसे करोड़ों रुपये ठगे थे। एसएसपी भट्टराई के मुताबिक इन लोगों ने 10 लोगों से अमेरिका भेजने के नाम पर 5 करोड़ 50 लाख रुपये ठगे थे। ठगी के धंधे के लिए इन आरोपितों ने काठमांडू में कई एजेंट भी रखे थे। बीते दिन ही पुलिस ने इनके तीन एजेंटों को भी गिरफ्तार किया था। दिल्ली से पकड़ कर लाए गए तीनों आरोपितों के बारे में मंगलवार को जानकारी साझा करते हुए क्राइम ब्रांच के एसएसपी ने बताया कि नेपाल में पैसा लेकर लोगों को अमेरिका के नाम पर दुबई होते हुए केन्या और नाइजीरिया भेज दिया जाता था। वहां पहुंचते ही उनका पासपोर्ट और उनके पास उपलब्ध पैसा या डॉलर छीन लिया जाता था। फिर उनको ऐसे ही छोड़ दिया जाता था। यहां नेपाल में उनके परिवार वालों से वसूली की जाती थी।

# नेपाल : राष्ट्रपति के अभिभाषण का विरोध नहीं करेंगे विपक्षी दल

**काठमांडू।** नेपाल की संसद में आज राष्ट्रपति का अभिभाषण होने वाला है। राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सदन को सम्बोधित करते हुए सरकार की नीति तथा कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले हैं। पिछले कई दिनों से सदन को अवरुद्ध करते आ रहे विपक्षी दलों ने भी राष्ट्रपति के अभिभाषण का विरोध नहीं करने का फैसला किया है। मंगलवार सुबह प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने विपक्षी नेताओं के साथ बातचीत में उन्हें सहकारी मामले में जांच समिति बनाए जाने का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री से बातचीत के बाद प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण का विरोध नहीं करने का फैसला किया गया है। कांग्रेस संसदीय दल की बैठक के बाद प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि सहकारी घोटाले पर संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग पर वो अभी भी कायम हैं और राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सदन फिर से अवरुद्ध किया जाएगा। लेखक ने बताया कि राष्ट्रपति एक सम्मानित संस्था हैं और लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में राष्ट्रपति के अभिभाषण को नहीं होने देना ठीक नहीं है।

# भारतीय मूल के मुरली पिल्लई सिंगापुर के मंत्रिमंडल में होंगे शामिल



**सिंगापुर।** भारतीय मूल के मुरली पिल्लई को सिंगापुर के नए प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के नए मंत्रिमंडल में कानून और परिवहन राज्य मंत्री नियुक्त किया जाएगा। इसकी घोषणा सोमवार को की गई।

जानकारी के अनुसार 56 वर्षीय पिल्लई को एक जुलाई को शपथ दिलाई जाएगी जबकि अन्य मंत्री 15 मई को शपथ लेंगे। सत्तारूढ़ ह्यपीपुल्स एक्शन पार्टीह्न के सदस्य पिल्लई एक वकील हैं। भारतीय मूल के अन्य नेताओं में डॉ. विवियन बालाकृष्णन विदेश मामलों के मंत्री बने रहेंगे, के. षणमुगम गृह मामलों और कानून मंत्री रहेंगे और इंद्राणी राजा प्रधानमंत्री कार्यालय में मंत्री रहेंगे।